Adda247
GET IT ON Google Play

# जी.आई.सी. प्रवक्ता परीक्षा, 2017
# अर्थशास्त्र
## व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र

**(Exam date : 23-09-2018)**

**1. Indifference curve is related to:**
**तटस्थता वक्र संबंधित है**

(a) cardinal approach/संख्यावाचक दृष्टिकोण से
(b) Ordinal approach/क्रमवाचक दृष्टिकोण से
(c) Combinations of multiple commodities बहुवस्तुओं के संयोगो से
(d) Only one combination of two commodities दो वस्तुओं के केवल एक संयोग से

**Ans. (b) :** दो या दो से अधिक वस्तुओं के ऐसे संयोगों या युग्मों को प्रदर्शित करने वाला वक्र जिससे उपभोक्ता को समान संतुष्टि प्राप्त हो, सम संतुष्टि वक्र, अनधिमान वक्र या तटस्थता वक्र कहलाता है। इसकी निम्नलिखित मान्यताएं हैं-
- उपभोक्ता विवेकपूर्ण है
- उसे परिस्थितियों का पूर्ण ज्ञान है।
- क्रमवाचक माप सम्भव है।
- निबल क्रमबद्धता पर आधारित है।
- यह घटती प्रतिस्थापन की सीमान्त दर पर आधारित है।

**2. In the case of inferior goods:**
**हीन पदार्थों के संदर्भ में**

(a) Both income effect and substitution effect are negative/आय प्रभाव तथा प्रतिस्थापन प्रभाव दोनों ऋणात्मक होते हैं।
(b) Substitution effect is positive but income effect is negative/प्रतिस्थापन प्रभाव धनात्मक किन्तु आय प्रभाव ऋणात्मक होता है।
(c) Substitution effect is negative प्रतिस्थापन प्रभाव ऋणात्मक होता है।
(d) Both income effect and substitution effect are positive/आय प्रभाव तथा प्रतिस्थापन प्रभाव दोनों धनात्मक होते हैं

**Ans. (b) :** हीन या घटिया वस्तुओं के सन्दर्भ में आय प्रभाव ऋणात्मक होता है अर्थात् आय बढ़ने पर उस वस्तु की मांग में कमीं आती है तथा प्रतिस्थापन प्रभाव धनात्मक होता है क्योंकि उससे सम्बन्धित वस्तु (प्रतिस्थानापन्न वस्तु) की मांग बढ़ जाती है।

**3. Under which condition, a competitive firm in short run will stop production? When price is:**
**एक प्रतियोगितात्मक फर्म, अल्पकाल में किन परिस्थितियों में उत्पादन बंद कर देगी? जब कीमत हैं-**

(a) Less than AVC/ए.वी.सी. से कम
(b) Equal to AC/ए.सी. के बराबर
(c) Equal to MC/एम. सी. के बराबर
(d) Greater than AC/ए.सी. से अधिक

**Ans. (a) :** एक पूर्ण प्रतियोगी फर्म, अल्पकाल में यदि अपनी औसत परिवर्तनशील लागतों (AVC) को भी नहीं पूरा कर पा रही है तो वह उत्पादन करना बंद कर देगी। कीमत यदि AVC से कम हो तो इसे तालाबंदी बिन्दु भी कहते है। इस स्थिति में फर्म उत्पादन नही करेगी पर उद्योग छोड़कर बाहर नही जा सकेगी उद्योग में बनी रहेगी।

**4. Who amongst the following developed the concept of 'Group Equilibrium'?**
**निम्न में से किसने 'समूह संतुलन' का प्रत्यय दिया था?**

(a) Hicks/हिक्स ने
(b) Shraffa/श्राफा ने
(c) Joan Robinson/जोन रोबिन्सन ने
(d) Chamberlin/चैम्बरलिन ने

**Ans. (d) :** एकाधिकारिक प्रतियोगिता की व्याख्या के लिए प्रो. चैम्बरलिन समूह की धारणा का प्रयोग करते हैं। समूह ऐसी फर्मों का सम्मिलित रूप है जो किसी वस्तु की अत्यन्त ही नजदीकी स्थानापन्न वस्तुओं का उत्पादन कर रही है।

**5. Consider the following factors:**
**निम्नलिखित तत्वों पर ध्यान दीजिए-**

**1. Price/कीमत** **2. Income/आय**
**3. Depreciation/क्षय**

**Which of these are more important in influencing the demand for durable goods. Answer from the codes given below:**
**इनमें से टिकाऊ वस्तुओं की मांग को प्रभावित करने में कौन अधिक महत्वपूर्ण है? नीचे लिखे कूट से उत्तर दीजिए-**

**Codes/कूट**
(a) All the above/उपर्युक्त सभी
(b) 1 and 2/1 व 2
(c) 2 and 3/2 व 3
(d) Only 3/केवल 3

**Ans. (a) :** टिकाऊ वस्तुएं ऐसी वस्तुएं है जिनको दीर्घकाल तक सुरक्षित रखा जा सकता है। इनमें कीमत, आय तथा क्षय तीनों का प्रभाव पड़ता है। टिकाऊ उपयोग वस्तुओं के अन्तर्गत-कूलर, पंखा, फ्रिज, टी.वी. आदि को शामिल किया जाता है।

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

80,000+ Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

600+ Exam Covered

20,000+ Previous Year Papers

500% Refund

IBPS

NABARD


ATTEMPT FREE MOCK NOW

6. **Which one of the following is not the assumption of Cardinal approach to utility analysis?**
**निम्न में से कौन एक उपयोगिता विश्लेषण के संख्यावाचक दृष्टिकोण की मान्यता नहीं है?**
(a) Utility is measurable in terms of money
उपयोगिता मुद्रा के रूप में मापनीय है।
(b) Marginal utility of money is constant
मुद्रा की सीमान्त उपयोगिता स्थिर है।
(c) Consumer is a rational person
उपभोक्ता एक विवेकशील व्यक्ति है।
(d) Consumer does not know the price of commodities.
उपभोक्ता वस्तुओं का मूल्य नहीं जानता है।

**Ans. (d) :** उपयोगिता विश्लेषण के संख्यावाचक दृष्टिकोण का प्रतिपादन प्रो. मार्शल ने किया था- इसकी निम्नलिखित मान्यताएं हैं-
- उपयोगिता मापनीय है इसे संख्या के रूप में व्यक्त किया जा सकता है।
- मुद्रा की सीमान्त उपयोगिता स्थिर है।
- उपभोक्ता विवेकशील है।
- यह सीमान्त उपयोगिता ह्रास नियम पर आधारित है। अतः विकल्प D उपयोगिता के संख्यात्मक दृष्टिकोण की मान्यता नहीं है।

7. **For a firm in a perfectly competitive market, the average and marginal revenue curves coincide because:**
**एक फर्म के लिए पूर्ण प्रतियोगितात्मक बाजार में, औसत और सीमान्त लागत वक्र एक समान होते है, क्योंकि:**
(a) the firm is price taker
फर्म कीमत ग्राह्य होती है।
(b) there are constant returns to scale
यहाँ पैमाने के प्रतिफल स्थिर होते हैं।
(c) there are constant returns to scale to some of the factors
यहां कुछ साधनों के संबंध में पैमाने के प्रतिफल स्थिर होते हैं।
(d) it is a conditions of profit maximisation
यह लाभ अधिकतमीकरण की एक शर्त है।

**Ans. (d) :** एक पूर्ण प्रतियोगिता फर्म के लिए औसत तथा सीमान्त आय वक्र समान तथा आधार अक्ष के समान्तर होते हैं क्योंकि कीमतें उद्योग द्वारा निर्धारित होती हैं, फर्म कीमत ग्रहण करने वाली होती हैं। वे दी हुई कीमत पर असंख्य वस्तुएं बेच सकती हैं।




8. **Which one of the following curves is not U shaped?**
**निम्न में से कौन एक U आकार नहीं है?**
(a) The AVC curve/वक्र
(b) The AFC curve/वक्र
(c) MC curve/वक्र
(d) AC curve/वक्र

**Ans. (b) :** औसत स्थिर लागत वक्र आयताकार अतिपरवलयाकार होता है जिसके प्रत्येक बिन्दु पर मांग की लोच इकाई के बराबर होता है। यह दाहिनी ओर नीचे गिरता हुआ होता है। किन्तु यह आधार अक्ष को कभी स्पर्श नहीं करेगा।




9. **Which one of the following is not an indivisibility mentioned by Rosenstein Rodan? Indivisibility of**
**रोसेन्स्टीन रोडान निम्नलिखित में से किस अविभाज्यता का उल्लेख नहीं करता है? अविभाज्यता-**
(a) Demand/मांग की
(b) Production function/उत्पादन फलन की
(c) Savings/बचतों की
(d) Investments/निवेश की

**Ans. (d) :** प्रो. रोजेन्सटीन रोडान ने तीन प्रकार की अविभाज्यताओं की बात की।
- उत्पादन फलन की अविभाज्यता
- मांग की अविभाज्यता
- बचत की पूर्ति की अविभाज्यता

रोडान के अनुसार किसी भी अर्थव्यवस्था को तीनों अविभाज्यताओं को दूर करने के लिए भारी मात्रा में निवेश की आवश्यकता पड़ती है।

10. **If the demand function is p = –4x+27, find the elasticity of demand when p = 3**
**यदि मांग फलन है p = –4x+27 तब p = 3 पर मांग की लोच का मान क्या होगा?**
(a) 2.0 (b) – 2.0
(c) 0.5 (d) – 0.5

**Ans. (*) :** मांग फलन $p = -4x + 27$
P = 3 रखने पर
$3 = -4x + 27$
$4x = 27 - 3$
$4x = 24$
$x = 6$

$-4x+27$ का x के सापेक्ष अवकलन करने पर $\frac{dP}{dx}=-4$

मांग की लोच $-\frac{dQ}{dP}\times\frac{P}{Q}=-\left(\frac{1}{-4}\times\frac{3}{6}\right)=\frac{3}{24}=\frac{1}{8}$

**11. In the long period, in which of the following market conditions, a firm will not have excess capacity in production?**
**दीर्घकाल में निम्नलिखित में से किस बाजार स्थिति में फर्म के उत्पादन में उत्पादन क्षमता आधिक्य नहीं होगा?**

(a) Imperfect competition/अपूर्ण प्रतियोगिता
(b) Perfect competition/पूर्ण प्रतियोगिता
(c) Monopoly/एकाधिकार
(d) Monopolistic Competition
एकाधिकारिक प्रतियोगिता

**Ans. (b) :** पूर्ण प्रतियोगिता के अन्तर्गत संसाधनों का अनुकूलतम आवण्टन होता है तथा औसत लागत के न्यूनतम बिन्दु पर उत्पादन किया जाता है। जिससे अधिकतम सामाजिक कल्याण की प्राप्ति हो। अतः पूर्ण प्रतियोगिता में उत्पादन क्षमता के आधिक्य का अभाव होता है।

**12. What is true for collusive oligopoly?**
**कपटपूर्ण अल्पाधिकार के लिए क्या एक सत्य है?**

(a) No agreements are made
कोई समझौते नहीं किए जाते है।
(b) Each seller is a price leader
प्रत्येक विक्रेता कीमत नेता होता है।
(c) Each firm is a dominant firm
प्रत्येक फर्म प्रबल फर्म होती है।
(d) Tacit agreements are made
अनकहे समझौते किए जाते है।

**Ans. (d) :** कपटपूर्ण अल्पाधिकार मॉडल के अन्तर्गत फर्मे आपस में परस्पर निर्भरता से उत्पन्न अनिश्चितता को दूर करने के लिए आपस में औपचारिक या अनौपचारिक समझौते कर लेते है। अनौपचारिक समझौते के अन्तर्गत बिना आमने-सामने विचार विमर्श किए फर्म आपस में एक समझौता कर लेती है तथा कीमत, उत्पादन आदि के सम्बन्ध में एक समान नीति का पालन करती हैं। इसका महत्वपूर्ण उदाहरण है कीमत नेतृत्व।

**13. Profit of a monopolist is maximum when**
**एकाधिकारी का लाभ अधिकतम होगा जब-**

(a) marginal cost = Average revenue
सीमान्त लागत = औसत आय
(b) Average cost = Average revenue
औसत लागत = औसत आय
(c) Marginal cost = Marginal revenue
सीमान्त लागत = सीमान्त आय
(d) Marginal revenue = Average revenue
सीमान्त आय = औसत आय

**Ans. (c) :** एकाधिकार के लाभ की अधिकतम होने की शर्त-

MR = MC < AC

**14. Who amongst the following emphasized the role of time in market equilibrium?**
**निम्नलिखित में से किस अर्थशास्त्री ने बाजार संतुलन में समय के महत्व पर जोर दिया?**

(a) A. Marshall/ए मार्शल (b) I. Fisher/आई.फिशर
(c) L. Walras/एल.वालरा (d) A. Smith/ए.स्मिथ

**Ans. (a) :** प्रो. मार्शल ने बाजार संतुलन में समय को प्राथमिकता प्रदान की। उन्होंने समय को 4 भागों में विभाजित किया।

- अति अल्पकाल
- अल्पकाल
- दीर्घकाल
- अति दीर्घकाल

**15. Diamond water paradox is mainly related to**
**हीरा-जल विरोधाभास मुख्यतः संबंधित है-**

(a) Utility/उपयोगिता से (b) Scarcity/दुर्लभता से
(c) Cost/लागत से (d) Welfare/कल्याण से

**Ans. (a) :** हीरा जल विरोधाभास का प्रतिपादन प्रो. एडम स्मिथ ने किया था। यह सीमान्त उपयोगिता तथा कुल उपयोगिता के मध्य सम्बन्ध को व्यक्त करता है।

**16. Under what situation, the demand curve is likely to witness a positive slope?**
**किस स्थिति में मांग वक्र के ढलान की स्थिति धनात्मक होने की संभावना है?**

(a) War/युद्ध
(b) Giffen Paradox/ गिफिन विरोधाभास
(c) Speculation/सट्टा
(d) All of the above/उपरोक्त सभी

**Ans. (d) :** यदि अन्य बातें समान रहें तो मांग वक्र बायें से दाहिने ओर नीचे गिरता हुआ होता है किन्तु युद्ध, अकाल, सट्टेबाजी, गिफिन वस्तुएं, प्रतिष्ठासूचक वस्तुएं आदि के सम्बन्ध में मांग वक्र का ढाल धनात्मक होता है।

**17. Price discrimination is possible under the following conditions:**
**निम्नलिखित परिस्थितियों में कीमत विभेद संभव है-**

**i. Market imperfections/ बाजार अपूर्णता।**
**ii. Agreement between rival sellers**
**प्रतिद्वंद्वी विक्रेताओं के बीच सहमति।**
**iii. Ignorance of buyers/क्रेताओं का अज्ञान।**
**iv. When there is no product differentiation**
**जब उत्पाद में कोई अन्तर नहीं है।**

**Choose the correct answer from the given codes:**
**निम्न दिए कूटों में से सही उत्तर चुनिए।**

**Codes/कूट**

(a) i, ii and iii/ i, ii व iii
(b) ii, iii and iv/ ii, iii व iv
(c) i, iii and iv/ i, iii व iv
(d) i, ii and iv/ i, ii व iv

Adda247

GET IT ON Google Play


**Ans. (a) :** कीमत विभेद की निम्नलिखित सम्भावनाएं हैं-
- बाजार अपूर्णता
- प्रतिद्वन्द्वी विक्रेताओं के बीच सहमति
- असममित सूचनाएं
- पूर्णप्रतियोगिता का अभाव

**18. Indicate the assumption of bilateral monopoly:**
**द्विपक्षीय एकाधिकार की मान्यताओं को इंगित कीजिए।**
(a) There is a single commodity with no substitution
बिना प्रतिस्थापन के केवल एक वस्तु।
(b) The monopolist is its sole producer or seller
एकाधिकारी इसका अकेला उत्पादक या बिक्रेता है।
(c) The monopolist is its only buyer
एक क्रयण इसका केवल क्रेता है।
(d) All of the above/उपरोक्त सभी।

**Ans. (d) :** द्विपक्षीय एकाधिकार बाजार की वह विशेषता है जहां फर्म का एक मात्र क्रेता तथा एक मात्र विक्रेता होता है। द्विपक्षीय एकाधिकार के अन्तर्गत फर्मों की कीमत का निर्धारण एकाधिकारी तथा क्रेताधिकारी दोनों के आपसी समझौते के द्वारा निर्धारित होती है।

**19. In which of the following markets kinked demand curve is witnessed?**
**निम्न में से किस बाजार में विकुंचित मांग वक्र पाया जाता है?**
(a) Monopolistic competition/एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता
(b) Monopoly/एकाधिकार
(c) Oligopoly/अल्पाधिकार
(d) None of the above/उपरोक्त में से कोई नहीं

**Ans. (c) :** विकुंचित मांग वक्र का प्रतिपादन सर्वप्रथम पॉल स्वीजी ने किया था। यह अल्पाधिकार बाजार की प्रमुख विशेषता है। विकुंचित मांग वक्र का ऊपर का ढाल अधिक लोचदार तथा नीचे का ढाल अधिक बेलोचदार होता है।




**20. In the case of substitutes, cross elasticity of demand is**
**प्रतिस्थापित वस्तुओं के संदर्भ में, मांग की आड़ी लोच होती है**
(a) Constant/स्थिर
(b) Positive/धनात्मक
(c) Negative/नकारात्मक
(d) (b) and (c) both/(b) एवं (c) दोनों

**Ans. (b) :**

| वस्तुएँ | | मांग की आड़ी लोच |
|---|---|---|
| पूरक | – | ऋणात्मक |
| स्वतंत्र | – | शून्य |
| प्रतिस्थानापन्न | – | धनात्मक |

**21. Which of the following statements is not correct for the classical macro economics?**
**निम्नलिखित में से कौन से कथन क्लासिकीय समष्टि अर्थशास्त्र के लिए सही नहीं है?**
(a) Savings and investment depend upon the rate of interest.
बचत व निवेश ब्याज दर पर निर्भर करते है।
(b) Money does not affect the level of employment
मुद्रा रोजगार के स्तर को प्रभावित नहीं करती है।
(c) The prices are rigid/कीमतें जड़ हैं।
(d) There can not be over-production in the long run/दीर्घकाल में अति-उत्पादन नहीं हो सकता।

**Ans. (c) :** क्लासिकल अर्थशास्त्रियों ने अपने पूर्ण रोजगार सिद्धांत के अन्तर्गत कीमतें, मजदूरियां, ब्याजदर तीनों को परिवर्तनशील माना है जिसके परिणामस्वरूप अर्थव्यवस्था में होने वाला कोई भी विचलन स्वतः दूर हो जायेगा और अर्थव्यवस्था सदैव पूर्ण रोजगार की अवस्था में बनी रहेगी। क्लासिकल अर्थशास्त्री मुद्रा को तटस्थ मानते हैं अतः मुद्रा वास्तविक चरों जैसे-आय, उत्पादन, रोजगार को प्रभावित नहीं करती।

**22. On the liquidity preferences curve as we move up, which of the following is true? The opportunity cost of holding money balances.**
**जब तरलता अधिमान वक्र पर नीचे से ऊपर की ओर चलते हैं तो निम्नलिखित में से क्या सही है? मुद्रा शेष को रखने की अवसर लागतः**
(a) declines/घटती है।
(b) rises/बढ़ती है।
(c) remains constant/स्थिर रहती है।
(d) is uncertain/अनिश्चित रहती है।

**Ans. (b) :** तरलता अधिमान वक्र पर नीचे से ऊपर की ओर चलने पर मुद्रा शेष की अवसर लागत बढ़ती है क्योंकि तरलता वक्र के ऊपर बढ़ने पर ब्याजदर में वृद्धि होती है जिससे तरलता को नकद रूप में रखने पर अवसर लागत में वृद्धि होती है क्योंकि नकदी को बैंक में रखकर अधिक ब्याजदर प्राप्त की जा सकती है।

**23. For a linear consumption function which of the following is true?/ रेखीय उपभोग फलन के लिए निम्नलिखित मे से कौन एक सही है?**
(a) APC=MPC/औ. उ.प्र. = सी.उ.प्र.
(b) APC>MPC/औ.उ.प्र. > सी.उ.प्र.
(c) APC<MPC/औ.उ.प्र. < सी.उ.प्र.
(d) MPC is not constant/सी.उ.प्र. स्थिर नहीं है।

**Ans. (a) :** रेखीय उपभोग फलन में औसत उपभोग प्रवृत्ति तथा सीमान्त उपभोग प्रवृत्ति दोनों बराबर रहती है।

**24. Which of the following measure is likely to succeed in controlling the conditions of cost-push inflation?**
**लागत जन्य मुद्रा स्फीति को नियंत्रण करने में निम्नलिखित में से कौन सा उपाय कारगर होगा?**

(a) Reducing the direct tax rate
प्रत्यक्ष कर दरों में कटौती।
(b) Lowering the bank rate/बैंक दर को कम करना।
(c) Raising the cash reserve ratio
नकद-कोष अनुपात को बढ़ाना
(d) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं।

**Ans. (b) :** लागत जन्य मुद्रा स्फीति वस्तुओं की लागतों में होने वाली वृद्धि के परिणामस्वरूप कीमतों में जब वृद्धि होती है तो उसे लागत जन्य स्फीति कहते हैं। लागत जन्य मुद्रा स्फीति को दूर करने के लिए आवश्यक है कि बैंक दरों में कमीं की जाए जिससे उत्पादन लागतों में कमीं आए।

**25. In Keyne's consumption function which concept of income has been used?**
**कीन्स के उपभोग फलन में किस आय के विचार का प्रयोग किया गया है?**

(a) Current Income/वर्तमान आय
(b) Real Income/वास्तविक आय
(c) Relative Income/सापेक्ष आय
(d) Past Current Income/पिछले समय की वर्तमान आय

**Ans. (a) :** कीन्स का उपभोग फलन वर्तमान आय स्तर पर आधारित है उनके अनुसार उपभोक्ता अपनी वर्तमान आय स्तर को ध्यान में रखकर अपना उपभोग स्तर निर्धारित करता है। उपभोग व्यय निरपेक्ष आय का धनात्मक फलन होता है।

**26. Consider the following:**
**निम्नलिखित पर ध्यान दीजिए-**

**1. Say's Law of market/से का बाजार नियम।**
**2. Flexible real wages**
**लचीली वास्तविक मजदूरी दर।**
**3. Savings is a function of rate of interest**
**बचत, ब्याजदर का फलन है।**

**Keynes agreed which of the above?**
**Answer from the code given below**
**कीन्स इनमें से किससे सहमत थे? उत्तर नीचे लिखे कूट में से दीजिए-**
**Code/कूट:**

(a) 1 and 2/1 व 2
(b) 1 and 3/1 व 3
(c) 2 and 3/2 व 3
(d) None of the above/उपरोक्त में से कोई नहीं

**Ans. (d) :** प्रो. कीन्स ने अपनी पुस्तक The General Theory of Employment, interest and money में क्लासिकल रोजगार सिद्धान्त की मान्यताओं को चुनौती दी तथा यह प्रतिपादित किया कि अर्थव्यवस्था में संतुलन की दशा पूर्ण रोजगार स्तर से कम रहेगी। उन्होंने से के बाजार नियम की आलोचना की तथा स्थिर मजदूरी दर की मान्यता को स्वीकार किया तथा बचत को आय का फलन माना।

**27. According to Keynes a situation where an amount by which aggregate expenditure would exceed aggregate output at the full employment level of income is referred to as:**
**कीन्स के अनुसार एक ऐसी स्थिति जहां रोजगार के पूर्ण स्तर आय पर कुल व्यय जब कुल उत्पाद से अधिक होता है तब उसे परिभाषित किया जाता है-**

(a) Demand full inflation/मांग सृजित स्फीति
(b) Inflation gap/स्फीति अन्तराल
(c) Cost-push inflation/लागत सृजित स्फीति
(d) Both (a) and (c) above/उपरोक्त (a) व (c) दोनों

**Ans. (b) :** प्रो० कीन्स के अनुसार एक ऐसी स्थिति जहाँ रोजगार के पूर्ण स्तर आय पर कुल व्यय जब कुल उत्पाद से अधिक होता है तब उसे स्फीति अन्तराल कहा जाता है। स्फीति अन्तराल योजनाबद्ध व्यय का वह आधिक्य जो स्फीति-पूर्व अथवा आधार कीमतों पर उपलब्ध उत्पादन बढ़ जाता है। लिप्सी के अनुसार "आय के पूर्ण रोजगार स्तर पर समस्त उत्पादन से जितनी मात्रा में समस्त व्यय बढ़ जायेगा वही मात्रा स्फीति अन्तराल होगी।"

**28. Multiplier- accelerator interaction principle of trade cycle is associated with the name**
**व्यापार चक्र के गुणक-त्वरक की परस्पर क्रिया सिद्धान्त को जोड़ा जाता है-**

(a) J.M. Keynes/जे.एम.कीन्स के नाम से।
(b) J.R. Hicks/जे.आर.हिक्स के नाम से।
(c) J.B. Duesenberry/जे.बी.ड्यूसनबैरी के नाम से।
(d) None of the above/उपरोक्त में से किसी नाम से नहीं

**Ans. (b) :** व्यापार चक्र के गुणक-त्वरक का प्रतिपादन प्रो. हिक्स ने किया। उनके अनुसार व्यापार चक्र गुणक-त्वरक की क्रिया का परिणाम है।

**29. 'Say's Law of market assumes:**
**'से' का बाजार नियम स्वीकारता है-**

(a) Laissez-fair policy/अबन्ध नीति
(b) Full employment in the economy
अर्थव्यवस्था में पूर्ण रोजगार।
(c) Perfect competition/पूर्ण प्रतियोगिता।
(d) All of the above/उपरोक्त सभी

**Ans. (d) :** प्रो. जे.बी. से के अनुसार पूर्ति अपनी मांग का सृजन स्वंय करती है। उन्होने निम्नलिखित मान्यताओं को स्वीकार किया-

- पूर्ण रोजगार की अवस्था
- पूर्ण प्रतियोगिता
- अहस्तक्षेप नीति
- लोचशील मजदूरी दर
- परिवर्तनशील कीमत स्तर
- मुद्रा की दृढ़ता

Adda247
GET IT ON Google Play

**30. Aggregate demand according to Keynes refers to:**
**कीन्स के अनुसार समग्र माँग बताता है-**

(a) Point of equilibrium where aggregate demand and aggregate supply are equal/संतुलन का वह बिन्दु जहां समग्र मांग व समग्र पूर्ति बराबर होते है।
(b) Consumption demand and investment demand/उपभोग मांग एवं विनियोग मांग
(c) Total demand in the economy
अर्थव्यवस्था में कुल मांग।
(d) Expected revenue from the sale of output produced at a particular level of employment.
विशिष्ट रोजगार स्तर पर उत्पादित मात्रा की ब्रिकी से आशान्वित आय।

**Ans. (d) :** कीन्स के अनुसार समग्र मांग विशिष्ट रोजगार स्तर पर उत्पादित मात्रा की बिक्री से आशान्वित आय को बताता है।

**31. Disposable income is equal to:**
**व्यय-योग्य आय बराबर है-**

(a) GNP- depreciation/सकल राष्ट्रीय उत्पादन-घिसावट
(b) NNP- indirect taxes+ economic subsidies
विशुद्ध राष्ट्रीय उत्पादन-अप्रत्यक्ष कर+ आर्थिक अनुदान।
(c) Personal income–personal direct taxes
वैयक्तिक आय-वैयक्तिक प्रत्यक्ष कर।
(d) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं।

**Ans. (c) :** व्यय योग्य आय = व्यक्तिगत आय–व्यक्तिगत प्रत्यक्ष कर।

**32. Which of the following will directly increase the GNP?**
**निम्नलिखित में से कौन सकल राष्ट्रीय उत्पाद में प्रत्यक्ष रूप से वृद्धि करेगा?**

(a) A rise in interest rate/ब्याजदर में वृद्धि।
(b) A surplus in budget/बजट में अतिरेक।
(c) An increase in investment/विनियोग में वृद्धि।
(d) A fall in national debt/राष्ट्रीय ऋण में कमी।

**Ans. (c) :** सकल राष्ट्रीय उत्पाद एक वित्तीय वर्ष में देश में उत्पादित समस्त अन्तिम वस्तुओं तथा सेवाओं का मौद्रिक मूल्य होता है। निवेश होने वाली वृद्धि के परिणामस्वरूप उत्पादन, आय, रोजगार में वृद्धि होती है जिससे राष्ट्रीय आय में वृद्धि होती है।

**33. Which of the following is not well matched?**
**निम्नलिखित में से कौन एक सुमेलित नहीं है?**

| **Economist (अर्थशास्त्री)** | **Concept (प्रत्यय)** |
|---|---|
| (a) Irving Fisher<br>इरविंग फिशर | – Time preference<br>– समय अधिमान |
| (b) J. Tobin<br>जे.टोबिन | – Portfolio balance<br>– पोर्टफोलियो संतुलन |
| (c) J.M. Keynes<br>जे.एम. कीन्स | – Proportional consumption function/आनुपातिक उपभोग फलन |
| (d) J.M. Clark<br>जे.एम. क्लार्क | – Acceleration<br>– त्वरक |

**Ans. (c) :** आनुपातिक उपभोग फलन का प्रतिपादन प्रो. साइमन कुजनेट्स तथा मिल्टन फ्रीडमैन ने किया था। अतः कथन (c) सुमेलित नहीं है।

**34. If MPC = 0.5, then multiplier (K) will be:**
**यदि MPC = 0.5, तो गुणक (K) होगा-**

(a) 1/2 (b) 1
(c) 2 (d) 0

**Ans. (c) :** गुणक $= \frac{1}{1-MPC}$

$$= \frac{1}{1-0.5} = \frac{1}{0.5} = 2$$

**35. According to Keynes, of the following which helps in the determination of the level of employment?**
**कीन्स के अनुसार, निम्न में से कौन रोजगार का स्तर निर्धारित करने में सहायक होता है?**


(a) The quantity of money/मुद्रा के परिमाण द्वारा।
(b) The behaviour of trade unions
श्रम संघों के व्यवहार द्वारा।
(c) Prices and Wages/कीमतों और मजदूरी द्वारा।
(d) Aggregate demand function
समग्र मांग फलन द्वारा।

**Ans. (d) :** प्रो. कीन्स के अनुसार अर्थव्यवस्था में रोजगार के स्तर के निर्धारण में सबसे महत्वपूर्ण तत्व समग्र मांग है। समग्र मांग के दो घटक हैं-
1. उपभोग व्यय
2. निवेश व्यय
उपभोग व्यय f (आय, उपभोग प्रवृत्ति)
निवेश व्यय f (पूंजी की सीमान्त दक्षता, ब्याजदर)

**36. The 'Phillips Curve' describes the relationship between which of the following?**
**निम्न में से 'फिलिप्स वक्र' किसके मध्य संबंध बताता है?**

(a) The federal budget deficit and trade deficit
संघीय बजट घाटा और व्यापार घाटा
(b) Savings and investment/बचत एवं निवेश।
(c) The unemployment rate and inflation
बेरोजगारी दर एवं मुद्रा स्फीति दर।
(d) Marginal tax rate and tax revenue
सीमान्त कर दरों और कर आगम।

**Ans. (c) :** फिलिप्स वक्र बेरोजगारी की दर तथा मुद्रा स्फीति की दर के मध्य सम्बन्ध को व्यक्त करता है। अर्थात् बेरोजगारी में वृद्धि के द्वारा मुद्रा स्फीति में कमीं की जा सकती है।



37. **Keynes was mostly concerned with:**
**कीन्स सर्वाधिक संबंधित थे-**
(a) Cost-push inflation/लागत-प्रेरित स्फीति से।
(b) Demand-full inflation/मांग-जनित स्फीति से।
(c) Stagflation/निस्पंद स्फीती से।
(d) Structural inflation/संरचनात्मक स्फीति से।

**Ans. (b) :** कीन्स ने अपनी पुस्तक "How to Pay for the War" में स्फीतिकारी अन्तर की धारणा प्रस्तुत की वह समस्त मांग का पूर्ण-रोजगार में सम्भव कुल उत्पादन अथवा पूर्ति से अधिक बढ़ जाने की स्थिति का सूचक है। कीन्स के अनुसार स्फीतिकारी अन्तर के कारण कीमत-स्तर में वृद्धि होती है। अतः कीन्स के सिद्धान्त में मुद्रा-स्फीति मांग-प्रेरित (demand-pull) प्रकार की होती है।

38. **To which one of the following, liquidity trap does correspond to?**
**तरलता जाल निम्न में से किससे संबंधित है?**
(a) Production function/उत्पादन फलन।
(b) Consumption function/उपभोग फलन।
(c) Money demand function/मुद्रा मांग फलन।
(d) Labour demand function/श्रम मांग फलन।

**Ans. (c) :** तरलता जाल का प्रतिपादन प्रो. जॉन मेनार्ड कीन्स ने किया था। एक ऐसी स्थिति जिसमें पहुँचने के बाद मुद्रा की पूर्ति में वृद्धि के द्वारा ब्याज दर में कमीं नहीं लायी जा सके तो इस अवस्था को तरलता जाल कहते है।

39. $1-\frac{C}{Y}$ **denotes:**
$1-\frac{C}{Y}$ **व्यक्त करता है-**
(a) Average propensity to consume
औसत उपभोग प्रवृत्ति।
(b) Average propensity to save/औसत बचत प्रवृत्ति।
(c) Marginal propensity to consume
सीमान्त उपभोग प्रवृत्ति।
(d) Marginal propensity to save/सीमान्त बचत प्रवृत्ति।

**Ans. (b) :** APC + APS = 1
APS = 1 – APC
$\because \quad APC = \frac{C}{Y}$
$APS = 1-\frac{C}{Y}$

40. **Which of the following curves is used for measuring disparities of income?**
**निम्नलिखित में से आय की विषमताओं को मापने के लिए किस वक्र का प्रयोग किया जाता है?**
(a) Laffer curve/लैफर वक्र।
(b) Lorenz curve/लारेन्ज वक्र।
(c) Phillips curve/फिलिप्स वक्र।
(d) Kinked demand curve/विकुंचित मांग वक्र।

**Ans. (b) :** आय की विषमताओं की माप के लिए लारेन्ज वक्र तथा गिनी गुणांक का प्रयोग किया जाता है। लारेन्ज वक्र जितनी ही पूर्ण समता रेखा के पास होगी, आय की विषमता उतनी ही कम होगी।

41. **Repo rate and reverse repo rate are related with:**
**रेपो रेट और रिवर्स रेपो रेट संबंधित है।**
(a) Government's fiscal policy
सरकार की राजकोषीय नीति से।
(b) Public debt/सार्वजनिक ऋण से।
(c) Import export/आयात-निर्यात से।
(d) Credit policy of RBI/आरबीआई की साख नीति से।

**Ans. (d) :** रेपो रेट तथा रिवर्स रेपो रेट RBI की साख नीति से सम्बन्धित है।
**रेपो रेट–** जिस दर पर अल्पकाल में RBI द्वारा व्यापारिक बैंकों को उधार दिया जाता है उसे रेपो रेट कहते हैं।
**रिवर्स रेपो रेट–** जिस दर पर अल्पकाल के लिए RBI द्वारा व्यापारिक बैंकों से उधार लिया जाता है उसे रिवर्स रेपो रेट कहते हैं।

42. **The present Indian monetary system is based on:**
**वर्तमान भारतीय मौद्रिक प्रणाली आधारित है-**
(a) Gold Reserve system/स्वर्ण जमा प्रणाली पर।
(b) Proportional reserve system
आनुपातिक जमा प्रणाली पर।
(c) Convertible currency system
परिवर्तनीय मुद्रा (करेन्सी) प्रणाली पर।
(d) Minimum Reserve system
न्यूनतम जमा प्रणाली पर।

**Ans. (d) :** वर्तमान में भारत में न्यूनतम जमा प्रणाली लागू है। RBI के पास न्यूनतम जमा कोष 200 करोड़ रु. है। जिसमें कम से कम 115 करोड़ स्वर्ण भण्डार के रूप में होना आवश्यक है।

43. **Who amongst the following economists used the phrase 'measuring rod of money' in Economics?**
**निम्नलिखित में से किस अर्थशास्त्री ने अर्थशास्त्र में 'वाक्यांश' मुद्रा रूपी माप का पैमाना प्रयोग किया?**
(a) A. Marshall/ए.मार्शल
(b) Adam Smith/एडम स्मिथ
(c) J.K. Mehta/जे.के. मेहता
(d) A.C. Pigou/ए.सी.पीगू

**Ans. (a/d) :** प्रो. पीगू ने अर्थशास्त्र में आर्थिक कल्याण के सम्बन्ध में मुद्रा रुपी पैमाने का प्रयोग किया। उनके अनुसार राष्ट्रीय आय के अन्तर्गत उन्हीं वस्तुओं को शामिल किया जाना चाहिए जिन्हें मुद्रा के रूप में मापा जा सके। मार्शल ने मानव कल्याण के उस भाग को जो मुद्रा द्वारा मापा जा सके भौतिक कल्याण का नाम दिया।

44. **Which of the following statements in respect of the deposits with commercial banks is not true?**
**व्यापारिक बैंकों की जमा के संबंध में निम्न कथनों में से कौन सही नहीं है?**

Adda247
GET IT ON Google Play

(a) fixed deposits are accepted for a certain period of time./अवधि जमा एक निश्चित समय के लिए स्वीकार की जाती है।
(b) Demand deposits are repayable by the banks as demand
मांग जमा बैंको द्वारा मांगने पर देय होती है।
(c) Deposits in current account attract a higher rate of interest as against the saving bank account./चालू खाते में जमाओं पर बैंक के बचत खाते पर दी जाने वाली ब्याजदर से अधिक होती है।
(d) Savings bank deposits attract certain restriction of the bank/बचत खाते की जमा पर बैंक द्वारा कुछ नियंत्रण लगाए जाते है।

**Ans. (c) :** व्यापारिक बैंक द्वारा चालू खाते की जमा के अन्तर्गत कोई ब्याजदर नहीं दी जाती है। चालू खाता वह खाता है जिसमें जमाकर्ता अपनी इच्छा के अनुसार राशि कभी भी जमा तथा कभी भी निकाल सकता है। किन्तु कुछ बैंकों द्वारा चालू खाते के अन्तर्गत सांकेतिक ब्याजदर (0.5) के रूप में कुछ ब्याज प्रदान करते हैं।

**45. Which one of the following is not a function of the country's Central Bank -Reserve Bank of India?**
**देश के केन्द्रीय बैंक-रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया का निम्न कार्यो में से कौन सा कार्य नहीं है?**
(a) It acts as a banker's bank
यह बैंकों के बैंक का कार्य करता है।
(b) It has monopoly over note issue
नोट निर्गमन पर इसका एकाधिकार होता है।
(c) It acts as the controller of credit
यह साख नियंत्रक का कार्य करता है।
(d) It can accept bulk deposits from groups of people/यह लोगों के समूह से मोटी जमा स्वीकार कर सकता है।

**Ans. (d) :** देश के केन्द्रीय बैंक के प्रमुख कार्य-
1. देश के केन्द्रीय बैंक के रूप में
2. सरकार के बैंकर के रूप में
3. वित्तीय परामर्शदाता के रूप में
4. साख का नियमन तथा नियंत्रण
5. नोट निर्गमन का एकाधिकार

**46. Which one of the following is not a method of credit control?**
**निम्नलिखित में से कौन एक साख नियंत्रण का उपाय नहीं है?**
(a) Bank rate policy/बैंक दर नीति।
(b) Open market operation/खुले बाजार की क्रियायें।
(c) Credit-deposit ratio/साख-जमा अनुपात।
(d) Cash reserve ratio/नकद कोष अनुपात।

**Ans. (c) :** साख जमा अनुपात साख नियंत्रण के उपाय नहीं है जबकि बैंक दर नीति खुले बाजार की क्रियायें तथा नकद कोष अनुपात इत्यादि सभी साख नियंत्रण उपाय के अन्तर्गत सम्मिलित होते हैं।

**47. Which among the following is not a liability of commercial bank?**
**निम्नलिखित में से कौन एक वाणिज्य बैंक की देयता नहीं है?**
(a) Share Capital/अंश पूंजी
(b) Reserve Fund/आरक्षित कोष
(c) Bills payment/बिल भुगतान
(d) balances with the central Bank and other banks/केन्द्रीय बैंक व अन्य बैंकों के पास जमा

**Ans. (b) :** व्यापारिक बैंकों की आन्तरिक जमा मौद्रिक देयताएं नहीं होती है जैसे-आरक्षित कोष

**48. Which one of the following explain correctly the meaning of 'Repo rate'? It is a rate at which:**
**निम्नलिखित में से कौन एक 'रेपो दर' के सही अर्थ की व्याख्या करता है? यह एक दर है जिस पर-**
(a) Banks borrow from RBI in short term.
बैंक अल्पकाल में आर.बी.आई. से उधार लेते है
(b) Banks park their surplus funds with RBI
बैंक अपने अधिकतम कोष को आर.बी.आई. के पास रखते है
(c) Banks give loan to public
बैंक जनता को ऋण देते हैं
(d) People deposit money in bank
लोग बैंको में मुद्रा जमा करते है

**Ans. (a) : रेपो रेट**- जब व्यापारिक बैंको द्वारा अल्पावधि के लिए RBI से उधार लिया जाता है तो उसे रेपो रेट कहते है। यह उधार इस अनुबन्ध के साथ लिया जाता है जिसे एक निश्चित समयावधि के बाद वापस कर दिया जायेगा।

**49. Money illution:**
**मौद्रिक विभ्रम-**
**1. is important only when inflation is low but vanishes when it becomes run away**
**तभी महत्वपूर्ण है जब स्फीति धीमी होती है परन्तु भागती स्फीति में यह समाप्त हो जाता है**
**2. increases the speed of inflation**
**स्फीति की गति को बढ़ा देता है।**
**3. reduces the speed of inflation**
**स्फीति की गति को कम कर देता है**
**4. does not change the speed of inflation.**
**स्फीति की गति को प्रभावित नहीं करता है।**
**Choose the correct answer from the codes given below:**
**निम्न दिए कूटों में से सही उत्तर का चयन कीजिए।**
**Code/कूट-**
(a) 1 and 2 /1 व 2
(b) 1 and 3/1 व 3
(c) 1 and 4/1 व 4
(d) only 4/केवल 4

**Ans. (a) : मौद्रिक विभ्रम-** जब वास्तविक मूल्य को ध्यान में न रखकर मौद्रिक मूल्य के आधार पर आर्थिक क्रिया कलाप किए जाते है तो उसे मौद्रिक विभ्रम कहते है। यह धीमी मुद्रा स्फीति में कारगर होता है। किन्तु धीरे-धीरे मुद्रा भ्रम के कारण स्फीति में वृद्धि होती है जिससे मुद्रा भ्रम का प्रभाव धीरे धीरे समाप्त हो जाता है।

**50. Who is the author of the Book 'I Do what I Do'**
**'आई डू व्हाट आई डू' पुस्तक के लेखक कौन है?**
(a) Amartya Sen/अमर्त्य सेन
(b) J.N. Bhagwati/जे.एन. भगवती
(c) R. Rangarajan/आर.रंगराजन
(d) Raghuram Rajan/रघुराम राजन

**Ans. (d) :** आई डू व्हाट आई डू पुस्तक के लेखक रघुराम राजन है।

**51. Money multiplier is the ratio between:**
**मुद्रा गुणक निम्नलिखित के बीच अनुपात है-**
(a) quantity of primary and quantity of total money/प्राथमिक मुद्रा की मात्रा तथा मूल मुद्रा की मात्रा
(b) quantity of primary money and quantity of secondary money./प्राथमिक मुद्रा की मात्रा तथा द्वितीयक मुद्रा की मात्रा।
(c) quantity of total money and money national income/कुल मुद्रा की मात्रा तथा मौद्रिक राष्ट्रीय आय
(d) quantity of money and aggregate investment मुद्रा की मात्रा तथा कुल विनियोग

**Ans. (a) :** मुद्रा गुणक $(K) = \frac{M}{H}$
जहाँ M = मुद्रा की पूर्ति
H = आधार मुद्रा/ प्राथमिक मुद्रा

**52. Which of the following denotes High Powered Money?**
**निम्न में से कौन उच्च शक्ति मुद्रा है?**
(a) Money in cash/नकद मुद्रा
(b) Deposit of bank/बैंको में जमा राशियां
(c) Reserve money/प्रारक्षित मुद्रा
(d) Banks reserves at the Central Bank केन्द्रीय बैंक के पास रक्षित कोष

**Ans. (c/d) :** उच्च शक्ति मुद्रा या प्रारक्षित मुद्रा को रेड्डी कमेटी ने $M_0$ के रूप में व्यक्त किया है। उच्च शक्ति मुद्रा से आशय RBI के निवल मौद्रिक दायित्व से है। उच्च शक्ति मुद्रा के प्रयोग के अन्तर्गत कानूनी सीमा के लिए कामर्शियल बैंको की मांग अथवा केन्द्रीय बैंक के पास आवश्यक रिजर्व तथा अतिरिक्त रिजर्व और करेन्सी के लिए जनता की मांग शमिल है। उच्च शक्ति मुद्रा H = C + RR + ER, जहाँ C करेन्सी को RR आवश्यक रिजर्व को और ER अतिरिक्त रिजर्व को व्यक्त करता है।

**53. Who viewed that quantity theory of money should be regarded as a theory of demand for money?**
**किसने यह विचार प्रस्तुत किया कि मुद्रा के परिमाण सिद्धान्त को मुद्रा की मांग का सिद्धान्त समझना चाहिए?**
(a) Robertson/राबर्टसन
(b) Keynes/केन्ज
(c) Friedman/फ्रीडमैन
(d) Pigou/पीगू

**Ans. (c) :** प्रो. फ्रीडमैन के अनुसार-मुद्रा का मांग फलन समष्टि अर्थशास्त्र का सबसे महत्वपूर्ण स्थिर फलन है। मुद्रा की मांग को निर्धारित करने वाला प्रमुख तत्व व्यक्तियों की सम्पत्ति होती है। फ्रीडमैन भी यह मानते हैं कि यदि मुद्रा की मात्रा दोगुनी कर दी जाए तो कीमत स्तर में दोगुनी वृद्धि होगी तथा मुद्रा का मूल्य आधा हो जाएगा।

**54. Which of the following is the most effective instrument of controlling black money in an economy?**
**निम्न में से कौन किसी अर्थव्यवस्था में काले धन को नियंत्रण करने का सबसे प्रभावशाली तरीका है?**
(a) demonetisation /विमुद्रीकरण
(b) Depreciation of currency /मुद्रा का मूल्य ह्रास
(c) Devaluation of currency /मुद्रा का अवमूल्यन
(d) Deflation/अवस्फीति

**Ans. (a) :** विमुद्रीकरण का अर्थ किसी भी देश में सरकार द्वारा प्रचलित मुद्रा को बंद कर उसके बदले में नई मुद्रा जारी करना है। इसका सबसे प्रभावशाली कारण काला बाजारी, जारी मुद्रा को दूर करना होता है।

**55. Broad money is:**
**वृहद (ब्राड) मुद्रा होती है**
(a) M1+ time deposits with the bank.
M1+ बैंकों में अवधि जमा
(b) M1 + savings deposits with the post office saving banks
M1+ डाकघर बचत बैंकों में बचत जमा
(c) M2+time deposits with the banks
M2 + बैंको में अवधि जमा
(d) M2+ savings deposits with the post office saving banks
M2+ डाकघर बचत बैंकों में बचत जमा।

**Ans. (a) :** $M_3 = M_1$ + बैंकों तथा सहकारी बैंकों की समय जमाएं शामिल की जाती है।
$M_1$ = चलन में मुद्रा सभी व्यापारिक तथा सहकारी बैंकों के पास मांग जमाएं।
व्यापक मुद्रा में पोस्ट ऑफिस की किसी भी जमा को शामिल नहीं किया जाता है।

**56. Shifting of tax is not possible in the case of:**
**किस मामले में कर विवर्तन संभव नहीं है?**
(a) Sales tax/ब्रिकी कर।
(b) Excise duty/उत्पाद शुल्क।
(c) Entertainment/मनोरंजन कर।
(d) Income tax/आयकर।

**Ans. (d) :** अप्रत्यक्ष करों के सन्दर्भ में कर विवर्तन सम्भव होता है जैसे-ब्रिकी कर, उत्पाद शुल्क, मनोरंजन कर आदि। किन्तु प्रत्यक्ष कर जैसे-आयकर, निगमकर आदि का विवर्तन सम्भव नहीं होता है।

**57. Vertical equity in taxation means:**
**कराघात में उर्ध्वसमानता से तात्पर्य है-**

(a) Tax payers in dissimilar circumstances bear dissimilar tax liability./असमान परिस्थिति में करदाता असमान कर अदायत्री करते है।
(b) Tax payers in similar circumstances bear similar tax liability/समान परिस्थिति में करदाता समान कर अदायत्री करने में है।
(c) Tax payers pay equal amount in taxes
करदाता कर के रूप में समान भुगतान करते हैं।
(d) Tax payers liability decreases as income increases/जैसे आय बढ़ती है वैसे करदाताओं की देनदारी घटती है

**Ans. (a) :** प्रो. डाल्टन ने कराघात की दो समानताओं की बात की है-
1. उर्ध्व समानता
2. क्षैतिज समानता
उर्ध्व समानता के अन्तर्गत धनी व्यक्ति अधिक तथा निर्धन व्यक्ति कम कर अदा करता है। अतः असमान परिस्थिति में करदाता असमान कर अदायगी करते हैं।
क्षैतिज समानता के अन्तर्गत समान आय वाले सभी व्यक्ति समान कर व्यक्त करते है।

**58. Primary fiscal deficit refers to:**
**प्राथमिक राजकोषीय घाटे से तात्पर्य होता है-**

(a) Excess of revenue expenditure over revenue receipts of the government/सरकार की आयगत आय से आयगत व्यय का आधिक्य
(b) Expenditure on capital account exceeding capital receipts/पूंजीगत प्राप्तियों से पूंजीगत खाते पर व्यय का आधिक्य
(c) Fiscal deficit minus interest payment
राजकोषीय घाटे में से ब्याज भुगतान की राशि घटाने के बाद की स्थिति।
(d) Excess of gross expenditure over gross revenue receipts of the government/सरकार की कुल राजस्व प्राप्तियों पर कुल व्यय का आधिक्य।

**Ans. (c) :** जब हम वर्तमान बजेटरी व्यवहार से उत्पन्न घाटे को ज्ञात करने के लिए हम राजकोषीय घाटे में से ब्याज अदायगी को निकाल देते हैं तो इसे प्राथमिक घाटा कहते हैं।

**59. Revenue from surchange levied by the central government on income tax is:**
**केन्द्र द्वारा आयकर पर अधिभार लगाने से प्राप्त आय**

(a) Shared between the centre and the states
केन्द्र राज्यों के बीच बांटी जाती है
(b) Exclusively retained by the centre
केवल केन्द्र द्वारा रखी जाती है
(c) entirely distributed amongst the states
पूर्णतः राज्यों के बीच बांटी जाती है
(d) Shared between the states and the local bodies./राज्यों एवं स्थानीय संस्थाओं में बांटी जाती है।

**Ans. (b) :** केन्द्र द्वारा आयकर पर अधिभार लगाने से प्राप्त आय केवल केन्द्र द्वारा रखी जाती हैं। अधिभार तथा उपकर की प्राप्ति को राज्यों के संवितरण योग्य पूल (Divisible Pool) में नहीं डाला जाता, इसके राजस्व को उन उद्देश्यों पर लगाया जाता है। जिसके लिये इन्हे लगाया गया है।

**60. The union budget-2017-18 incorporated the following features-**
**संघीय बजट 2017-18 में निम्न बातों का समावेश किया गया-**

**(i) Doubling of income of farmers in five years**
**पांच वर्षों में किसानों की आय को दुगुना करना।**
**(ii) Income-tax rate for individual tax payers was reduced from 10 per cent to 5 per cent for income slab of Rs. 2.5 Lakh to Rs. 5 lakh**
**निजी कर दाताओं के लिए रूपये 2.5 लाख से रूपये 5 लाख तक कर की दर को 10 प्रतिशत से 5 प्रतिशत घटाया गया।**
**(iii) A surchange of 10 percent was levied an individuals with income exceeding Rs. 50 Lakh**
**निजी व्यक्तियों की रूपये 50 लाख से अधिक आय पर 10 प्रतिशत का अधिभार लगाया गया।**
**(iv) fiscal deficit was placed at 3.5 percent of the GDP.**
**राजकोषीय घाटे को सकल राष्ट्रीय आय के 3.5 प्रतिशत पर रखा गया।**

**Select the correct answer choosing from the given codes:**
**निम्न दिए कूटों में से सही उत्तर चुनिए-**
**Codes/कूट:**
(a) i. ii. iii and iv/ i. ii. iii और iv
(b) i, ii and iv/ i, ii और iv
(c) ii, iii and iv/ ii, iii और iv
(d) i, ii and iii/ i, ii और iii

**Ans. (a) :** संघीय बजट 2017-18 में दिये गए सभी विकल्प सत्य है।

**61. In order to control inflationary pressures fiscal policy should be oriented to:**
**मुद्रा स्फीतिक दबावों को नियंत्रित करने के लिए राजकोषीय नीति को अपनाना चाहिए-**

(a) to divert speculative investments.
सट्टा विनियोग की दिशा बदलने को
(b) to check unproductive investments
अनुत्पादक विनियोगों को नियंत्रित करने को
(c) To encourage productive investments
उत्पादक विनियोगों को प्रोत्साहित करने को
(d) all of the above/उपरोक्त सभी

**Ans. (d) :** मुद्रा स्फीतिक दबावों को नियंत्रित करने के लिए तीन प्रक्रियायें अपनाई जाती है।
1. राजकोषीय नीति
2. मौद्रिक नीति
3. प्रत्यक्ष हस्तक्षेप
राजकोषीय नीति में उत्पादक व्ययों को प्रोत्साहित करने तथा अनुत्पादक व्ययों को हतोत्साहित किया जाता है तथा सट्टा उत्पादक की क्रियाओं पर रोक लगाई जाती है।

**62. Who amongst the following propounded 'the law of increasing state activities'?**
**निम्न में से किसने 'राज्य की बढ़ती हुई क्रियाओं' के नियम का प्रतिपादन किया?**
(a) Dalton/डाल्टन
(b) Peacock-Wiseman/पिकाक-वाईजमैन
(c) Musgrave/मसग्रेव
(d) Wagner/वैगनर

**Ans. (d) :** राज्य की बढ़ती हुई क्रियाओं के नियम प्रो. वैगनर ने प्रतिपादित किया। प्रो. वैगनर के अनुसार किसी भी अर्थव्यवस्था की GDP तथा सार्वजनिक व्ययों में धनात्मक सम्बन्ध पाया जाता है अर्थात् GDP में वृद्धि के कारण सरकारी राजस्व में वृद्धि होती है जिससे सार्वजनिक व्यय में वृद्धि होती है।

**63. Who amongst the following identified the role of the government as Allocator, Distributor and stabilizer?**
**निम्न में से किसने सरकार की भूमिका को 'आवंटक, वितरक तथा स्थायित्वक के रूप में पहचाना है?**
(a) Dalton/डाल्टन
(b) Musgrave/मसग्रेव
(c) Pigous/पीगू
(d) J.K. Mehta/जे.के.मेहता

**Ans. (b) :** प्रो. मसग्रेव ने सरकार की भूमिका को तीन महत्वपूर्ण कारकों में विभाजित किया
• आवंटन कार्य • वितरण कार्य • स्थिरीकरण कार्य

**64. The principle of ' maximum social advantage' is concerned with**
**अधिकतम सामाजिक लाभ का सिद्धान्त संबंधित है-**
(a) taxation only/केवल करारोपण से
(b) public expenditure only/केवल सार्वजनिक व्यय से
(c) public debt policy only
केवल सार्वजनिक ऋण नीति से
(d) both taxation and public expenditure
करारोपण तथा सार्वजनिक व्यय दोनों से

**Ans. (d) :** अधिकतम सामाजिक लाभ सिद्धांत का प्रतिपादन प्रो. डाल्टन ने किया था। उनके अनुसार अधिकतम सामाजिक लाभ की प्राप्ति के लिए के लिए आवश्यक है कि सामाजिक सीमान्त त्याग = सामाजिक सीमान्त लागत हो। इसके अन्तर्गत करारोपण के आय तथा व्यय दोनों पक्षों पर ध्यान दिया गया है।

**65. Budgetary deficit does not take into account**
**बजट घाटा सम्मिलित नहीं करता है-**
(a) revenue deficit/राजस्व घाटे को
(b) capital deficit/पूंजीगत घाटे को
(c) BOP deficit/बीओपी घाटे को
(d) non-tax receipts/गैर-कर प्राप्तियों को

**Ans. (c) :** बजेटरी घाटा = कुल प्राप्तियां − कुल व्यय
कुल प्राप्तियां = राजस्व आय + देयता न सृजित करने वाली पूंजी प्राप्तियां + सार्वजनिक ऋण (देयता सृजक प्राप्तियां) (सार्वजनिक ऋण में RBI से लिए गए ऋण को नहीं रखते।)
कुल व्यय = राजस्व व्यय + पूंजीगत व्यय

**66. Which of the following is the main objective of taxation?**
**निम्न में से कौन सा करारोपण का प्रमुख उद्देश्य है?**
(a) increase in consumption/उपभोग में वृद्धि
(b) increase in production/उत्पादन में वृद्धि
(c) raising public revenue
सार्वजनिक राजस्व को बढ़ाना।
(d) increase in capital formation/पूंजी निर्माण में वृद्धि

**Ans. (c) :** किसी भी देश में सार्वजनिक करों का प्रमुख उद्देश्य राजस्व की प्राप्ति होती है। जिससे कि आय की असमानता को दूर किया जा सके तथा सामाजिक कल्याण की प्राप्ति की जा सके।

**67. Incidence of tax means:**
**करापात का तात्पर्य है-**
(a) reveated tax burden/प्रकरित कर भार
(b) real burden of tax/कर का वास्तविक भार
(c) indirect money burden of tax
कर का अप्रत्यक्ष मौद्रिक भार
(d) direct money burden of tax
कर का प्रत्यक्ष मौद्रिक भार

**Ans. (d) :** सामान्यतः जब कोई प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष कर लगाया जाता है तो दो तथ्य सामने आते हैं
**1. कराघात-** कर का तात्कालिक भार अर्थात् सरकार के खजाने में कर जमा करने का दायित्व किसके पास है, इसे कराघात कहते है।
**2. करापात–** कर का अन्ततः मौद्रिक भार किसके ऊपर है इसे हम करापात कहते हैं।

**68. Which amongst the following is the source of non-tax revenue of the central government budget?**
**केन्द्र सरकार के बजट में निम्नलिखित में से कौन एक गैर कर आय का स्रोत है?**

Adda247
GET IT ON Google Play

(a) Customs duty/सीमा प्रशुल्क
(b) Profit of public enterprises
सार्वजनिक उपक्रम पर लाभ
(c) Wealth tax/सम्पत्ति कर
(d) Excise duty/उत्पाद शुल्क

**Ans. (b) :** केन्द्र सरकार के गैर कर आय के स्रोत-
1. सार्वजनिक उपक्रमों से प्राप्त लाभ
2. प्रशासनिक शुल्क
3. फीस तथा जुर्माना
4. वित्तीय सहायता
5. सार्वजनिक ऋण
6. पूंजीगत लाभ

**69. Laffer curve is a relationship between which of the following variables?**
**लैफर वक्र निम्नलिखित में से किसके मध्य संबंध बताता है?**
(a) Tax revenue and GDP
कर राजस्व तथा सकल घरेलू उत्पाद
(b) Tax rate and tax revenue/कर दर तथा कर राजस्व
(c) Tax rate and burden of tax
कर दर तथा कर का भार
(d) Tax revenue and debt redemption
कर राजस्व तथा ऋण निपटान

**Ans. (b) :** प्रो. आर्थर लैफर ने कर से राजस्व की प्राप्ति तथा कर की दर के बीच सम्बन्ध के आधार पर यह प्रतिपादित किया कि कर की दर का इष्टतम स्तर होता है जिससे ऊपर कर की वृद्धि के साथ कर राजस्व में कमीं आती है और उससे नीचे भी कर की दर में कमी, कर राजस्व में कमीं लाती है।

**70. A tax is said to be buoyant if tax revenue is proportionately:**
**कर को उत्प्लावक कहा जाता है यदि कर राजस्व अनुपात हो**
(a) more responsive to changes in output.
उत्पादन में परिवर्तनों के प्रति अधिक संवेदनशील
(b) less responsive to changes in output
उत्पादन में परिवर्तनों के प्रति कम संवेदनशील
(c) equally responsive to changes in tax base
कर आधार में परिवर्तनों के प्रति सामनरूप से संवेदनशील
(d) less responsive to changes in tax base
कर आधार में परिवर्तनों के प्रति कम संवेदनशील

**Ans. (a) :** राष्ट्रीय आय तथा सरकार द्वारा कर के सम्बन्ध में उठाये गए सभी विवेकाधीन कदम जैसे-कर ढांचे में सुधार, कर की दरों का युक्तीकरण, कर वसूली सम्बन्धी प्रस्ताव आदि के परिणामस्वरूप कर राजस्व में होने वाले परिवर्तनों के बीच पाये जाने वाले सम्बन्ध को कर उत्प्लावक कहते हैं।
करो को उत्प्लावक तब कहा जाता है जब कर राजस्व अनुपात, राष्ट्रीय आय में होने वाली वृद्धि से अधिक हो या अधिक संवेदनशील हो।

**71. Which one of the following factors cannot correct disequilibrium in the balance of payments of a country:**
**किसी देश के भुगतान संतुलन में निम्न में से कौन कारक असंतुलन को ठीक नहीं कर सकता-**
(a) subsidies to export industries.
निर्यात उद्योगों को अनुदान
(b) increase in import duties/आयात शुल्कों में वृद्धि
(c) reduction in import duties
आयात शुल्कों में कटौती
(d) Import quota system/आयात अभ्यंश प्रणाली

**Ans. (c) : भुगतान संतुलन को दूर करने के उपाय-** प्रतिकूल भुगतान संतुलन को दूर करने के निम्नलिखित उपाय है-
1. निर्यातों को प्रोत्साहन
2. निर्यात करों में कमी
3. देश के उद्योंगों को आर्थिक सहायता प्रदान करना
4. आयात में कमीं
5. आयात करों में वृद्धि

**72. Which of the following statements are true in the context of policy of protection.**
**संरक्षण नीति के संदर्भ में निम्न में से कौन कथन सही नहीं है**
**i. Infant industries argument.**
**शिशु उद्योगों का तर्क**
**ii. Diversification of industries argument.**
**उद्योंगों के विवधीकरण का तर्क**
**iii. Basic industries argument**
**मूल उद्योगों का तर्क**
**iv. Reduction in foreign trade.**
**विदेशी व्यापार में कमी।**
**Choose the correct answer from the codes given below:**
**निम्न कूटों में से सही उत्तर चुनिए-**
(a) i, ii and iv/ i, ii तथा iv
(b) ii, iii and iv/ ii, iii तथा iv
(c) i, ii and iii/ i, ii तथा iii
(d) i, iii and iv/ i, iii तथा iv

**Ans. (b) :** संरक्षण नीति के समर्थक अर्थशास्त्रियों का विचार है कि शिशु उद्योगों के विकास के लिए आवश्यक है कि उन्हें प्रारम्भ में विदेशी बाजारों से संरक्षण प्रदान किया जाए जिससे उनका समुचित विकास हो सके। उपरोक्त कथनों में शिशु उद्योगों के अतिरिक्त तीनों कथन संरक्षण नीति से सम्बन्धित नहीं है।

**73. International development Association is:**
**अंतर्राष्ट्रीय विकास परिषद-**

(a) a subsidiary of the World Bank
विश्व बैंक की सहायक है
(b) a subsidiary of the I.M.F.
आई.एम.एफ. की सहायक है
(c) a subsidiary of the W.T.O.
डब्ल्यू.टी.ओ. की सहायक है
(d) None of the above/उपरोक्त में से कोई नहीं

**Ans. (a) :** अन्तर्राष्ट्रीय विकास परिषद विश्व बैंक की एक अनुषंगी संस्था है इसे विश्व बैंक की उदार ऋण खिड़की भी कहते है। इसकी स्थापना 24 सितम्बर 1960 में हुई थी।

**74. A stable exchange rate policy is desirable for a country because:**
**किसी देश के लिए एक स्थिर विनिमय दर वांछनीय है क्योंकि-**

(a) It helps to promote foreign trade of a country
यह देश के विदेशी व्यापार को बढ़ावा देती है।
(b) It helps in planned economic development of the country/यह देश के नियोजित आर्थिक विकास में सहायता करती है।
(c) It helps in uninterrupted international leading
यह अन्तर्राष्ट्रीय ऋण प्रवाह में अबाध्य रूप से सहायता करती है।
(d) All of the above/उपरोक्त सभी

**Ans. (d) :** स्थिर विनिमय दर प्रणाली के लाभ-
**1.** मुद्रा के उतार-चढ़ाव में होने वाले उच्चावचनों को दूर करना
2. निवेश को प्रोत्साहित करना
3. मुद्रास्फीति को कम करना
4. नियोजित आर्थिक विकास में सहायता करना
5. विदेशी व्यापार के लिए अनुकूल वातावरण स्थापित करना।

**75. A common market where member countries coordinate macro-economic and exchange rate policies is referred to as:**
**एक सामान्य बाजार जहां सदस्य देश बृहत् आर्थिक एवं विनिमय दर नीतियों का समन्वय करते है, उसे संबोधित करते है-**

(a) Customs union/सीमाकर संघ
(b) common market/सामान्य बाजार
(c) Economic Union/आर्थिक संघ
(d) None of the above/उपरोक्त में से कोई नहीं

**Ans. (c) : आर्थिक संघ-** जब विश्व के विभिन्न देशों के मध्य एक ऐसा समझौता हो जिसमें समूह के सभी सदस्य देशों की समान आर्थिक, व्यापारिक नीतियां हों तो उसे आर्थिक संघ कहते हैं।

**76. The curve that shows the maximum volume of imports of a commodity for a given volume of exports, is known as:**
**निर्यात की दी हुई मात्रा के बदले में आयात की जाने वाली अधिकतम मात्रा को प्रदर्शित करने वाला वक्र कहलाता है-**

(a) L-shaped isoquent curve
एल-आकार का समोत्पादक वक्र
(b) Reaction curve/प्रतिक्रिया वक्र
(c) Consumption curve/उपभोग वक्र
(d) Offer curve/प्रस्ताव वक्र

**Ans. (d) :** निर्यात की दी हुई मांग के बदले में आयात की जाने वाली मात्रा को प्रदर्शित करने वाला वक्र प्रस्ताव वक्र कहलाता है। प्रस्ताव वक्र का प्रतिपादन प्रो. मार्शल तथा एजवर्थ ने किया था।

**77. Under a flexible exchange rate system, the exchange rate is determined by:**
**एक लचीली विनिमय दर प्रणाली के अंतर्गत, विनिमय दर निर्धारित होती है-**

(a) the nations monetary authorities
देश के मौद्रिक अधिकारियों द्वारा
(b) the price of gold/स्वर्ण की कीमत द्वारा
(c) the forces of demand and supply in foreign exchange market/विदेशी विनिमय बाजार में मांग एवं पूर्ति की शक्तियों द्वारा
(d) exchange arbitrage/विनिमय आन्तरपरण द्वारा

**Ans. (c) :** लचीली या परिवर्तनशील विनिमय दर प्रणाली के अन्तर्गत विनिमय दरों का निर्धारण बाजार में प्रचलित मांग एवं पूर्ति की शक्तियों के द्वारा निर्धारित होता है।

**78. Marshall-Lerner condition is related to:**
**मार्शल-लर्नर शर्त संबंधित है-**

(a) Demand and supply of commodity
वस्तु की मांग एवं पूर्ति से
(b) Advantage and disadvantage of devaluation
अवमूल्यन के लाभ हानि से
(c) Effect of public expenditure
सार्वजनिक व्यय के प्रभाव से
(d) Condition of social welfare
सामाजिक कल्याण की शर्त से

**Ans. (b) :** मार्शल लर्नर शर्त का सम्बन्ध व्यापार असंतुलन को दूर करने के लिए किसी भी देश द्वारा किए जाने वाले अवमूल्यन की दशा से सम्बन्धित है। उन्होने प्रतिपादित किया कि किसी भी देश के द्वारा अवमूल्यन करने में 3 प्रकार की दशाएं उत्पन्न होती है-

| | | |
|---|---|---|
| 1. $E_x+E_m>1$ | $\rightarrow$ अनूकूल व्यापार संतुलन | |
| 2. $Ex+Em=1$ | $\rightarrow$ स्थिर व्यापार संतुलन | |
| 3. $Ex+Em<1$ | $\rightarrow$ प्रतिकूल व्यापार संतुलन | |

**79. J. curve hypothesis suggests that devaluation is helpful in:**
**जे वक्र संकल्पना के अनुसार अवमूल्यन सहायक होता है**
(a) Short and long period/अल्पकाल एवं दीर्घकाल में
(b) Only in short period/केवल अल्पकाल में
(c) Only in long period /केवल दीर्घकाल में
(d) Only developed countries
केवल विकसित देशों के लिए

**Ans. (c) :** J वक्र की संकल्पना के अनुसार जब कोई देश अवमूल्यन करता है तो प्रारम्भ में उसके भुगतान असंतुलन में वृद्धि होती है किन्तु दीर्घकाल में भुगतान असंतुलन में कमीं आती है।

**80. The theory of comparative cost advantage assumes all excepts:**
**तुलनात्मक लागत का सिद्धान्त सबको मान्यता देता है शिवाय इसके**
(a) no transfer costs are involved
यातायात लागत सम्मिलित नहीं है
(b) there are two factors of production
उत्पत्ति के दो साधन है
(c) technical knowledge is unchanged
तकनीकी ज्ञान अपरिवर्तित है
(d) there is free trade between two countries.
दो देशों के बीच स्वतंत्र व्यापार है

**Ans. (b) :** तुलनात्मक लागत सिद्धान्त का प्रतिपादन प्रो. डेविड रिकार्डो ने किया था। इस सिद्धान्त की निम्नलिखित मान्यताएं हैं-
- विश्व में सिर्फ दो देश हैं।
- दोनों देश समान वस्तुओं का उत्पादन कर रहे हैं
- दोनों देशों के अधिमान समान है
- श्रम उत्पादन का एकमात्र साधन है।
- सभी श्रमिक सहजातीय हैं।
- दोनों देशों के मध्य स्वतंत्र व्यापार किया जाता है।
- तकनीकि ज्ञान अपरिवर्तित

अतः उपरोक्त समस्त कथन सत्य है।

**81. Adverse balance of payments can be corrected through:**
**विपरीत भुगतान संतुलन को सुधारा जा सकता है**
(a) Devaluation of currency/करेन्सी अवमूल्यन द्वारा
(b) Vigorous export programme
पुरजोर निर्यात संवर्धन कार्यक्रम द्वारा
(c) Import substitution/आयात प्रति स्थापन द्वारा
(d) All of the above/उपर्युक्त सभी के द्वारा

**Ans. (d) :** प्रतिकूल भुगतान संतुलन को दूर करने के उपाय-
1. निर्यातों को प्रोत्साहित करना
2. आयातों को हतोत्साहित करना
3. अवमूल्यन
4. विदेशी विनिमय रिजर्व की बिक्री

**82. Which one of the following is not related to World Trade Organisation (W.T.O.)?**
**निम्न में से कौन एक विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यू.टी.ओ.) से संबंधित नहीं है?**
(a) TRIPS/ट्रिप्स
(b) TRIMS/ट्रिम्स
(c) FEMA/फेमा
(d) Urugway Round/उरुग्वे चक्र

**Ans. (c) :** FEMA (विदेशी विनिमय प्रबन्धन अधिनियम) 1999 में पारित हुआ। विदेशी व्यापार तथा भुगतान को सुविधाजनक बनाने एवं भारत में विदेशी मुद्रा बाजार के सुव्यवस्थित विकास और उनकी स्थिरता का संवर्धन करने के उद्देश्य से विदेशी मुद्रा विनिमय अधिनियम (फेरा) 1973 के स्थान पर 1 जून, 2000 से फेमा लागू किया गया।

**83. SDRs are allocated to member nations by IMF in proportion to their**
**विशेष आहरण अधिकारों को अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा सदस्य देशों में आवंटित किया जाता है**
(a) Population/जनसंख्या के आधार पर
(b) national Income/राष्ट्रीय आय के आधार पर
(c) Poverty level/गरीबी स्तर के आधार पर
(d) Subscription to IMF/IMF कोष में उनके अंशदान के आधार पर

**Ans. (d) :** IMF में अंशदान के रूप में प्रत्येक राष्ट्र को एक निश्चित राशि जमा करनी पड़ती है। एक सदस्य को अपने कोटे का 25% SDR या कोष द्वारा चयनित किसी देश की मुद्रा में जमा करना होता है। कोष की शेष राशि देश को अपनी मुद्रा में जमा करना होता है। प्रत्येक राष्ट्र को कोष के अंशदान के आधार पर SDR आवंटित किया जाता है।

**84. Who propounded the factor endowment theory of international trade?**
**अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के साधन विन्यास सिद्धान्त को किसने प्रतिपादित किया?**
(a) Edgeworth/एजवर्थ
(b) Ricardo/रिकार्डो
(c) Adam Smith/एडम स्मिथ
(d) Bertin Ohlin/बर्टिन ओहलिन

**Ans. (d) :**अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के 'साधन विन्यास सिद्धांत' का प्रतिपादन हेक्श्रर ओहलिन ने किया था। इसे अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार का आधुनिक सिद्धान्त कहते हैं। ओहलिन ने साधन सम्पन्नता की भिन्नता के आधार पर यह प्रतिपादित किया कि एक देश उस वस्तु का उत्पादन तथा निर्यात करेगा जिसमें राष्ट्र का वह साधन लगे जिसकी उस देश में प्रचुरता है तथा जो अधिक सस्ता है।

85. **Who amongst the following economists is a supporter of unbalanced growth to economic development?**
**निम्नलिखित अर्थशास्त्रियों में से कौन आर्थिक विकास में असंतुलित विकास उपागम का समर्थक नहीं है?**
(a) A. O. Hirschman/ए.ओ. हर्षमैन
(b) Hans Singer/हान्स सिंगर
(c) Paul Streeton/पाल स्ट्रीटन
(d) P.N. Rosenstein Rodan/पी.एन.रोसेन्स्टीन रोडन

**Ans. (d) :** अल्पविकसित देशों की अर्थव्यवस्था को पिछड़ेपन के भंवर से निकालने के लिए हर्षमैन 'असन्तुलित विकास सिद्धांत' की बात करते हैं। इस सिद्धान्त के अन्य समर्थक है- सिंगर, फ्लेमिंग, स्ट्रीटन आदि। जबकि रोजेन्स्टीन रोडान सन्तुलित विकास के समर्थक हैं।

86. **Which amongst the following is the largest cash crop in U.P. IN 2016**
**2016 में उत्तर प्रदेश में निम्नलिखित में से सबसे महत्वपूर्ण नकद फसल कौन सी है?**
(a) Oil seeds/तिलहन (b) Sugarcane/गन्ना
(c) Potato/आलू (d) Paddy/धान

**Ans. (b) :** वर्ष 2016 में उत्तर प्रदेश में सबसे महत्वपूर्ण नकदी फसल गन्ना थी।

87. **The petroleum subsidy bill of the central government during recent past has a tenancy to decline on account of:**
**हाल के विगत समय के केन्द्र सरकार के पेट्रोल अनुदान में घटने का कारण है-**
i. Deregulation of petrol and diesel prices.
पैट्रोल एवं डीजल की कीमतों का अनियंत्रण
ii. Decline in global oil prices.
वैश्विक तेल कीमतों में गिरावट
iii. Direct transfer of subsidy to the account beneficiants
लाभार्थियों के खातों में अनुदान का सीधा हस्तान्तरण
iv Increase in excess duty by the central government/केन्द्र सरकार द्वारा उत्पाद शुल्क में वृद्धि

**Select the correct answer using the codes given below/निम्न दिए कूटों में से सही उत्तर चुनिए-**
**Codes/कूटः**
(a) i, ii, iii and iv/ i, ii, iii तथा iv
(b) i, ii and iii only/केवल i, ii तथा iii
(c) ii and iii only/ केवल ii तथा iii
(d) i and ii only/ केवल i तथा ii

**Ans. (d) :** विगत समयों में केन्द्र सरकार के पेट्रोल अनुदान में घटने के निम्न कारण है-
1. पेट्रोल एवं डीजल की कीमतों का अनियंत्रण
2. वैश्विक तेल की कीमतों में गिरावट

88. **Which of the following is not included in the national Small Savings Funds**
**निम्न में से कौन राष्ट्रीय अल्प बचत कोष में सम्मिलित नहीं किया जाता-**
(a) Senior citizen savings scheme
वरिष्ठ नागरिक बचत योजना
(b) Post office time deposits/डाकघर अवधि जमाएं
(c) Kisan vikas Patra/किसान विकास पत्र
(d) Time deposits of commercial bank
व्यापारिक बैंकों की अवधि जमाएं

**Ans. (d) :** राष्ट्रीय अल्प बचत कोष में निम्नलिखित को शामिल किया जाता है-
• वरिष्ठ नागरिक बचत योजना
• डाकघर अवधि जमाएं
• किसान विकास पत्र
• सुकन्या समृद्धि योजना
• प्रधानमंत्री जनधन योजना
अतः व्यापारिक बैंकों की अवधि जमाओं को शामिल नहीं किया जाता है।

89. **With reference to the World Bank's 2018 global rankings pertaining to 'Ease of Doing business' which one of the following statement is correct?**
**विश्व बैंक की 2018 की वैश्विक रैंकिंग में 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' के संदर्भ में निम्न में से कौन कथन सही है?**
**i. India is behind Bhutan and China.**
**भारत पीछे है भूटान व चीन के**
**ii. India is behind Pakistan and Bangladesh**
**भारत पीछे है पाकिस्तान व बांगलादेश के**
**Select the correct answer using the codes given below:**
**निम्न कूटों में से सही उत्तर चुनिए**
(a) i only/केवल i
(b) ii only/केवल ii
(c) both i and ii/ i तथा ii दोनों
(d) Neither i nor ii/ न i और न ii

**Ans. (a) :**
**ईज ऑफ डूइंग बिजनेस 2018 - ईज ऑफ डूइंग बिजनेस 2020**

| देश | रैंक | देश | रैंक |
|---|---|---|---|
| भारत | 100 | भारत | 63 |
| चीन | 78 | चीन | 31 |
| भूटान | 81 | नेपाल | 94 |
| पाकिस्तान | 136 | श्रीलंका | 99 |
| बांग्लादेश | 176 | पाकिस्तान | 108 |
| | | बांग्लादेश | 168 |

GET IT ON Google Play

**90.** **Assertion (A):** Bharatmala is a historic road building programme.

**कथन (A): भारतमाला एक ऐतिहासिक सड़क निर्माण कार्यक्रम है।**

**Reason (R):** Substantial resources shall be generated in the economy through this programme.

Choose the correct answer from the codes given below.

**कारण (R) :इस कार्यक्रम से अर्थव्यवस्था में घने संसाधन उपलब्ध होंगे।**

**निम्नकूटों में से सही उत्तर चुनिए-**

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A) / (A) तथा (R) दोनों सही है तथा (R) सही व्याख्या करता है (A) की

(b) Both (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation of (A)/ (A) तथा (R) दोनों सही है तथा (R) सही व्याख्या नहीं करता है (A) की

(c) (A) is true but (R) is false
(A) सही है किन्तु (R) गलत है।

(d) (A) is false but (R) is true
(A) गलत है किन्तु (R) सही है

**Ans. (a) :** भारत माला एक सड़क निर्माण कार्यक्रम है जिसकी स्थापना नितिन गडकरी ने 2015 में की थी। इसके परिणामस्वरूप अर्थव्यवस्था में आधारभूत अवसंरचनात्मक विकास होगा जिससे आसानी से संसाधन प्राप्त हो सकेंगे।

**91.** **In which of the following years, the budgeted disinvestment target has been the highest.**

**निम्नलिखित वर्षों में से प्रस्तावित निवेश लक्ष्य सर्वाधिक रहा है-**

(a) 2009-10/वर्ष 2009-10 में

(b) 2013-14/ वर्ष 2013-14 में

(c) 2016-17/ वर्ष 2016-17 में

(d) 2017-18/ वर्ष 2017-18 में

**Ans. (d) :** भारत सरकार द्वारा 2017-18 के बजट में विनिवेश का सर्वाधिक लक्ष्य रखा गया जो कि 72500 करोड़ रु. था। केन्द्रीय बजट 2022-23 में 65000 करोड़ सार्वजनिक उपक्रमों के विनिवेश से प्राप्त करने का लक्ष्य हैं।

**92.** **Assertion (A):** Recapitalisation of public sector banks is desirable in the case of their massive non-performing assets.

**कथन (A):** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंको के भारी गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों के संदर्भ में उनका पुनर्पूंजीकरण करना वांछनीय है।

**Reason(R):** Process of Government reforms must follow banks recapitalisation.

**कारण (R):** बैंकों के पुनर्पूजीकरण के साथ सरकारी सुधार की प्रक्रिया जारी रहनी चाहिए।

Choose the correct answer from the codes given below./निम्न कूटों में सही उत्तर चुनिए–

**Codes/कूट:**

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A) / (A) तथा (R) दोनों सही है तथा (R) सही व्याख्या करता है (A) की

(b) Both (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation of (A)/ (A) तथा (R) दोनों सही है तथा (R) सही व्याख्या नहीं करता है (A) की

(c) (A) is true but (R) is false
(A) सही है लेकिन (R) गलत है।

(d) (A) is false but (R) is true
(A) गलत है लेकिन (R) सही है

**Ans. (a) :** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के भारी मात्रा में गैर-निष्पादित परिसम्पत्तियों में कमी करने के लिए पुनर्पूंजीकरण आवश्यक है क्योंकि इससे वित्तीय स्थिति में मजबूती आती है। साथ ही इसके साथ सरकारी सुधार की प्रक्रिया जारी रहनी चाहिए।

**93.** **Key benefits of GST are**

**जी.एस.टी. के मुख्य फायदे है-**

(a) Promoting cooperative federalism
सहकारी संघवाद का बढावा

(b) Reducing corruption and leakages
घूंसखोरी तथा भ्रष्टाचार में कमी

(c) Creating a common market
सामान्य बाजार की परिकल्पना

(d) All of the above/उपरोक्त सभी

**Ans. (d) :** GST को 1 जुलाई 2017 को लागू किया गया था । GST के निम्नलिखित लाभ है-

1. सहकारी संघवाद में वृद्धि
2. घूसखोरी, भ्रष्टाचार में कमी।
3. सामान्य बाजार की संकल्पना
4. कर के संतापकारी प्रभाव से मुक्ति

**94.** **Assertion (A):** One of the objectives of demonetization was reducing the use of cash.

**कथन (A):** विमुद्रीकरण का एक उद्देश्य नकदी के उपयोग को कम करना था।

**Reason (R):** Increasing the use of digital modes of payment should be encouraged.

**कारण (R):** डिजिटल भुगतान के तरीकों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

**Choose the correct answers from the codes given below/निम्नकूटों में से सही उत्तर को चुनिए-**

**Codes/कूट:**

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A) / (A) तथा (R) दोनों सही है तथा (R) सही व्याख्या करता है (A) की

(b) Both (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation of (A)/ (A) तथा (R) दोनों सही है तथा (R) सही व्याख्या नहीं करता है (A) की

Adda247 GET IT ON Google Play

(c) (A) is true but (R) is false
(A) सही है, किन्तु (R) गलत है।
(d) (A) is false but (R) is true
(A) गलत है, किन्तु (R) सही है

**Ans. (a) :** जब किसी देश द्वारा वर्तमान मे प्रचलित मुद्रा को चलन से बाहर कर दिया जाता है तथा नई मुद्रा को प्रचलन में लाया जाता है तो उसे विमुद्रीकरण कहते हैं।
इसके प्रमुख उद्देश्य हैं-
1. कालाबाजारी को खत्म करना
2. डिजिटलीकरण को बढ़ावा देना
3. जाली मुद्रा को प्रचलन से बाहर करना

**95. Which one of the following was not incorporated in the common budget for 2017-18**
**संघ बजट 2017-18 में निम्न में से किसे सम्मिलित नहीं किया गया**
(a) Bringing Railway finances into main stream budgeting
रेलवे वित्त को बजट की मुख्य धारा में लाना
(b) Date of union budget was advanced almost by a month/संघ बजट की तिथि को लगभग एक माह से प्रगामी करना
(c) Classification of expenditure into 'Plan' and 'non-plan' was eliminated/सार्वजनिक व्यय के 'योजना' एवं 'गैर-योजना' वर्गीकरण की समाप्ति
(d) Number of centrally sponsored schemes should be increased/केन्द्रीय संचालित योजनाओं की संख्या में वृद्धि की जानी चाहिए।

**Ans. (d) :** 2017-18 बजट में केन्द्र संचालित योजनाओं की संख्या में वृद्धि नहीं बल्कि उनको कम करने की बात की गई थी।

**96. Of the following, which sector constituted the highest percentage share in India's exports in the year 2015-16?**
**वर्ष 2015-16 में निम्नलिखित में से भारत के निर्यात में सर्वाधिक प्रतिशत किसका था?**
(a) Engineering goods/इंजिनियरिंग वस्तुए
(b) Gems and Jewellery /रत्न एवं ज्वैलरी
(c) Textiles and allied products
कपड़ा एवं संबंधित उत्पाद
(d) Agriculture and allied product
कृषि एवं संबंधित उत्पाद

**Ans. (a) :** 2015-16 में सर्वाधिक निर्यात इंजीनियरिंग वस्तुओं का किया जाता है। 2021-22 में जिन पाँच वस्तुओं का सबसे ज्यादा निर्यात हुआ वे निम्न हैं –
1. इंजीनियरिंग उत्पाद
2. पेट्रोलियम उत्पाद
3. जेम्स व ज्वैलरी
4. आर्गेनिक व इनआर्गेनिक केमिकल
5. ड्रग एण्ड फार्मा
विगत वित्तीय वर्ष (2021-22) में भारत का सेवा निर्यात लक्ष्य (250 बिलियन डॉलर) से अधिक (254.4 बिलियन डॉलर) था।

**97. Which one of the following continues to be the major component of Indian external debt during recent year:**
**हाल के वर्षों में निम्न में से भारत के बाह्य ऋण में कौन घटक मुख्य रहा है**
(a) Trade credit/व्यापार साख
(b) Commercial borrowings/वाणिज्य उधारियां
(c) NRI deposits/एन.आर.आई.जमाएं
(d) Short-term debt /अल्पकालीन ऋण

**Ans. (b) :** वर्तमान समय में भारत के बाह्य ऋण में वाणिज्यिक उधारियों की सर्वाधिक मात्रा है जो 37.49 प्रतिशत की हिस्सेदारी रखता हैं।

**98. Which one of the following is not included in the group of eight core industries?**
**निम्न में से कौन आठ आधारभूत उद्योगों के समुदाय में सम्मिलित नहीं किया जाता**
(a) Coal/कोयला (b) Cement/सीमेंट
(c) Steel/स्टील (d) Textiles/कपड़ा

**Ans. (d) :** भारत के 8 आधारभूत प्रमुख उद्योग-
1. रिफाइनरी उत्पाद 2. विद्युत 3. इस्पात 4 कोयला
5. कच्चा तेल 6. प्राकृतिक गैस 7. सीमेंट 8 उर्वरक

**99. 'Start up India' initiative of the government of India aims at:**
**भारत सरकार की 'स्टार्ट अप इण्डिया' पहल का उद्देश्य है-**
(a) Nurturing innovation/नवप्रवर्तन को विकसित करना
(b) Driving sustainable economic growth
दीर्घकालीन आर्थिक संवृद्धि को प्रेरित करना
(c) Generating large scale employment opportunities
बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसरों को सृजित करना।
(d) All of the above/उपरोक्त सभी

**Ans. (d) :** स्टार्ट अप इण्डिया की शुरूआत 16 जनवरी 2016 को की गई थी। इसके प्रमुख उद्देश्य है-
1. नवप्रवर्तन को विकसित करना।
2. आर्थिक संवृद्धि में वृद्धि करना।
3. रोजगार के अवसरों का सृजन करना।
4. आर्थिक असमानता को दूर करना।
5. विकास में सभी की भागीदारी सुनिश्चित करना।

Adda247 GET IT ON Google Play

**100. Which one of the following statements is true about cities in India**
**निम्न कथनों में से कौन भारत के शहरों के बारें में सही है**
(a) Generate about two-third of national income
राष्ट्रीय आय का लगभग दो-तिहाई सृजित करते है
(b) Generates about 90 percent of tax revenue
कर-राजस्व का लगभग 90 प्रतिशत सृजित करते है
(c) Generate major of formal sector jobs
औपचारिक क्षेत्र की अधिकांश नौकरियां का सृजन करते है
(d) All of the above/उपरोक्त सभी

**Ans. (d) :** 2011 की जनगणना के अनुसार दिए गए कथनों में उपरोक्त सभी कथन सत्य है।

**101. National Health policy, 2017 aims at:**
**राष्ट्रीय स्वास्थ नीति, 2017 का उद्देश्य है-**
(a) Raising public health expenditure to 2.5 percent of the GDP./सार्वजनिक स्वास्थ व्यय को राष्ट्रीय आय का 2.5 प्रतिशत करना।
(b) Providing a health card to every family
प्रत्येक परिवार को एक स्वास्थ कार्ड प्रदान करना।
(c) Providing at district level most of the secondary care/जिला स्तर पर अधिकांश द्वितीयक देखरेख प्रदान करना।
(d) All of the above/उपरोक्त सभी

**Ans. (d) :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 के प्रमुख उद्देश्य
• सार्वजनिक स्वास्थ्य क्षेत्र में राष्ट्रीय आय को 2.5% करना।
• प्रत्येक परिवार को एक स्वास्थ्य कार्ड प्रदान करना।
• जिला स्तर पर अधिकांश द्वितीयक देखरेख प्रदान करना आदि।

**102. Which of the following statements is not true in respect of micro, small and medium sector enterprises.**
**निम्न कथनों में से कौन सा कथन सूक्ष्म, छोटे तथा मध्यम क्षेत्र के उद्योगों के संबंध में सही नहीं है।**
(a) They contribute about 37.5 percent of the GDP/ये सकल राष्ट्रीय आय का लगभग 37.5 प्रतिशत प्रदान करते है
(b) They provide employment to about eight crore people./ये लगभग आठ करोड़ लोगों को रोजगार प्रदान करते है
(c) Have huge potential to reduce regional imbalances/क्षेत्रीय असंतुलनों को व्यय करने की विशाल क्षमता रखते है
(d) Have huge potential for concentration of wealth in the economy/अर्थव्यवस्था में सम्पत्ति केन्द्रित करने की विशाल क्षमता रखते है

**Ans. (d) :** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग की स्थापना 2006 में की गई थी। MSME के माध्यम से अर्थव्यवस्था में आय की असमानता में कमी आती है। अतः सम्पत्ति का केन्द्रीकरण MSME की विशेषता नहीं है। MSME में नये निवेश टर्नओवर का वर्गीकरण 1 जुलाई 2020 से प्रभावी हुआ। इसके प्रमुख बिन्दु निम्न हैं -
(i) ऐसा सूक्ष्य उद्यम, जिसमें संयंत्र और मशीनरी अथवा उपकरण में किया गया निवेश ₹1.0 करोड़ से अधिक न हो और टर्नओवर ₹5.0 करोड़ से अधिक न हो।
(ii) ऐसा सूक्ष्य उद्यम, जिसमें संयंत्र और मशीनरी अथवा उपकरण में किया गया निवेश ₹10 करोड़ से अधिक का न हो और टर्नओवर ₹50 करोड़ से अधिक न हों।
(iii) ऐसा मध्यम उद्यम, जिसमें संयंत्र और मशीनरी अथवा उपकरण में किया गया निवेश ₹50 करोड़ से अधिक न हो और टर्नओवर ₹250 करोड़ से अधिक न हों।

**103. The idea of universal basic income should be promoted from the view point of**
**सर्वव्यापी आधारभूत आय के विचार को प्रोत्साहित करना चाहिए**
(a) Social Justice/सामाजिक न्याय के दृष्टिकोण से
(b) Poverty reduction/गरीबी घटाने के दृष्टिकोण से
(c) Minimum standard of living
न्यूनतम जीवन स्तर के दृष्टिकोण से
(d) All of the above/उपरोक्त सभी

**Ans. (d) :** सर्वव्यापी आधारभूत आय को निम्नलिखित रूप में प्रोत्साहित करना चाहिए-
• सामाजिक, आर्थिक न्याय की दृष्टि से
• गरीबी को दूर करने के लिए
• न्यूनतम जीवन स्तर को प्राप्त करने के लिए आदि।

**104. In which year, growth in gross tax revenue of the central government was the highest?**
**निम्न में से किस वर्ष में केन्द्र सरकार की सकल कर आय में वृद्धि सर्वाधिक रही है?**
(a) 2013-14 (b) 2014-15
(c) 2015-16 (d) 2016-17

**Ans. (d) :**

| वर्ष | | केन्द्र सरकार की कर आय |
|---|---|---|
| 2013-14 | – | ₹629.89 लाख करोड़ |
| 2014-15 | – | ₹818.05 लाख करोड़ |
| 2015-16 | – | ₹946.48 लाख करोड़ |
| 2016-17 | – | ₹108.65 लाख करोड़ |
| 2022-23 | – | ₹2757.82 लाख करोड़ |

**105. In which of the following year net national income growth rate (at constant prices) was the highest in India?**
**निम्न में से किस वर्ष में भारत में शुद्ध राष्ट्रीय आय वृद्धि की दर (स्थिर कीमतों पर) सर्वाधिक रही है?**

(a) 2013-14 (b) 2014-15
(c) 2015-16 (d) 2016-17

**Ans. (c) :**

| वर्ष | | राष्ट्रीय आय की वृद्धि दर (स्थिर कीमतों पर) |
|---|---|---|
| 2013-14 | – | 6% |
| 2014-15 | – | 7.6% |
| 2015-16 | – | 8.1% |
| 2017-18 | – | 7.1% |
| 2020-21 | – | 8.7% |
| 2021-22 | – | 8.8% अनुमानित |

**106. In the year 2016-17, average yield in kg. per hectare was highest in India in case of:**
**वर्ष 2016-17 में, प्रति हेक्टर औसत उपलब्धि किलो के रूप में सर्वाधिक रही है-**
(a) Rice/चावल में (b) Wheat/गेहूं में
(c) Pulses/दाल में (d) Oilseeds/तिलहन में

**Ans. (a) :** 2016-17 में प्रति हेक्टेयर औसत उपलब्धि सर्वाधिक चावल में रही है।

**107. In which of the following year wholesale price index (WPI) experienced negative growth rate in India**
**निम्न में से किस वर्ष में भारत में थोक मूल्य सूचकांक में ऋणात्मक वृद्धि रही?**
(a) 2012-13 (b) 2013-14
(c) 2014-15 (d) 2015-16

**Ans. (d) :** 2015-16 में थोक मूल्य सूचकांक में स्फीति दर ऋणात्मक (–3.69) रही है।

**108. The chairman of the 15th Finance commission appointed by the government is:**
**सरकार द्वारा गठित 15वें वित्त आयोग के चेयरमैन है-**
(a) Shaktikanta Das/शक्तिकांत दास
(b) N.K. Singh/एन.के.सिंह
(c) Ashok Lahiri/अशोक लाहिरी
(d) Ramesh Chand/रमेश चन्द्र

**Ans. (b) :** 15वें वित्त आयोग का गठन 27 नवम्बर 2017 को N.K. सिंह की अध्यक्षता में गठित किया गया था। वित्त आयोग के गठन का प्रावधान भारतीय संविधान के अनुच्छेद 280 के तहत किया गया है।

**109. Which state in India has been pioneer in labour reforms**
**भारत में कौन सा राज्य श्रम सुधारों में अग्रणी रहा है?**
(a) Gujrat/गुजरात
(b) Rajasthan/राजस्थान
(c) Madhya Pradesh/मध्य प्रदेश
(d) Uttar Pradesh/उत्तर प्रदेश

**Ans. (b) :** राजस्थान राज्य श्रम सुधारों में अग्रणी रहा है।

**110. According to the RBI monetary policy announced on 6th April, 2017:**
**अप्रैल, 2017 को आर.बी.आई द्वारा घोषित मौद्रिक नीति के अनुसार-**
(a) Both Repo Rate and reverse Repo Rate were increased/रिपो दर तथा विपरीत रिपो दर दोनों को बढाया गया
(b) Both Repo rate and reverse repo rate were reduced/रिपो दर तथा विपरीत रिपो दर दोनों को घटाया गया
(c) Repo rate was reduced but reverse repo rate was increased/रिपो दर को घटाया गया परंतु विपरीत रिपो दर को बढ़ाया गया
(d) Repo rate remained unchanged but reverse repo rate was increased/रिपो दर अपरिवर्तित रहा परंतु विपरीत रिपो दर को बढ़ाया गया।

**Ans. (d) :** अप्रैल 2017 में RBI द्वारा रेपो दर में कोई परिवर्तन किए बिना इसे पूर्व स्तर (6.25%) पर ही बनाए रखा गया। जबकि 'रिवर्स रेपो दर' में 0.25 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए इसे 6% कर दिया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति के प्रमुख संकेतक वर्तमान दरों पर निम्न हैं –

| सूचक | वर्तमान दर |
|---|---|
| सी.आर.आर. | 4.50 % |
| एस.एल.आर. | 18.00 % |
| रेपो दर | 4.90 % |
| रिवर्स रेपो रेट | 3.35 % |
| सीमांत स्थायी सुविधा दर | 5.15 % |
| बैंक दर | 5.15 % |

5 अगस्त, 2022 को आर.बी.आई. ने रेपो दर को 0.50 % बढ़ा दिया गया है जिससे अब यह दर 4.9 % से बढ़कर 5.4 % हो गई है।

**111. Which amongst the following is/are one dimentional diagram**
**निम्नलिखित में से कौन एक आयामीय आरेख है?**
(a) Histogram/आयत चित्र
(b) Bar diagram/दण्ड आरेख
(c) Both (a) and (b)/ दोनों (a) तथा (b)
(d) Neither (a) nor (b)/ न तो (a) न (b)

**Ans. (c) :** एक आयामीय आरेख के अन्तर्गत हिस्टोग्राम, बार आरेख, आयत चित्र, दण्ड आरेख को शामिल किया जाता है।

**112. Histogram is sued to determine graphically the value of which of the following?**
**आयत चित्र का ग्राफीय निरुपण निम्न में से किस मूल्य को निर्धारित करने में प्रयोग में आता है?**
(a) Skewness/विषमता (b) Median/माध्यिका
(c) Range/विस्तार (d) Mode/बहुलक

**Ans. (d) :** आयात चित्र का ग्राफीय निरूपण बहुलक के मूल्य निर्धारण के लिए प्रयोग किया जाता है।

**113. If $\bar{x} = 21$ and $Z = 18$, the median (M) will be:**
**$(\bar{x}$ = Arithmetic mean, Z = mode$)$**
**यदि $\bar{x} = 21$ तथा $Z = 18$ हो, तो माध्यिका (M) का मान होगा**
**($\bar{x}$ = समान्तर माध्य तथा Z = बहुलक)**
(a) 20 (b) 19.5
(c) 19 (d) None of the above उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (a) :** सूत्र = बहुलक = 3 माध्यिका − 2 माध्य
$18 = 3x - 2 \times 21$
$18 = 3x - 42$
$-3x = -60$
$x = \frac{-60}{-3}$
$x = 20$
अतः माध्यिका = 20

**114. Which of the following is not a measure of dispersion?**
**निम्न में से कौन सा एक अपकिरण का माप नहीं है?**
(a) Quadratic mean/द्विघातीय माध्य
(b) Standard deviation/प्रमाप विचलन
(c) Percentile range/शतमक विस्तार
(d) Quartile deviation/चतुर्थक विचलन

**Ans. (a) :** प्रो. बाउले के अनुसार– 'अपकिरण वस्तुओं के बीच भिन्नता की माप है।'
संख्यात्मक आंकड़े एक माध्य मूल्य के दोनों ओर फैलाव की जिस सीमा तक प्रवृत्ति रखते हैं, उस सीमा को उन आंकड़ों का विचरण या अपकिरण कहते है।
**अपकिरण ज्ञात करने की विधियाँ–**

| **निरपेक्ष माप** | **सापेक्ष माप** |
|---|---|
| विस्तार | विस्तार गुणांक |
| चतुर्थक विचलन | चतुर्थक विचलन गुणांक |
| माध्य विचलन | माध्य विचलन गुणांक |
| प्रमाप विचलन | प्रमाप विचलन गुणांक |

**115. The range of the 'Correlations Coefficient' $(\gamma_{xy})$ be expressed:**
**'सह-सम्बन्ध गुणांक' $(\gamma_{xy})$ के विस्तार को प्रदर्शित किया जाता है-**
(a) $0 \le \gamma_{xy} \le +1$
(b) $-1 \le \gamma_{xy} \le +1$
(c) $-1 \le \gamma_{xy} \le 0$
(d) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Ans. (b) :** सह सम्बन्ध–दो चरों के मध्य पाये जाने वाले कार्य कारण सम्बन्ध को सहसम्बन्ध कहते हैं। इसका अधिकतम मान +1 तथा न्यूनतम मान −1 होता है। अतः सही विकल्प $-1 \le Y_{xy} \le +1$ होगा।

**116. Fisher's Index number satisfies which of the following tests for an ideal index number?**
**फिशर का सूचकांक एक आदर्श सूचकांक के निम्न में से किन परीक्षणों को सन्तुष्ट करता है?**
(a) Time reversal test/समय उत्क्राम्यता परीक्षण
(b) Factor reversal test/साधन उत्क्राम्यता परीक्षण
(c) Neither (a) nor (b)/ न तो (a) तथा न ही (b)
(d) Both (a) and (b)/ दोनों (a) तथा (b)

**Ans. (d) :** फिशर का आदर्श सूचकांक समय एवं साधन दोनों उत्क्राम्यता परीक्षण को संतुष्ट करता है।

**117. In an exclusive series:/एक अपवर्जी श्रेणी में-**
(a) Both the class limits are considered दोनों वर्ग सीमाओं पर विचार किया जाता है
(b) The lower limits is excluded निचली सीमा पर विचार नहीं किया जाता है
(c) Both the limits are excluded दोनों वर्ग सीमाओं को निकाल दिया जाता है
(d) The upper limit is excluded ऊपरी सीमा को निकाल दिया जाता है

**Ans. (d) :** एक अपवर्जी श्रेणी में ऊपरी सीमा को निकाल दिया जाता है। तथा निचली सीमा को शामिल किया जाता है।

**118. Trend refers to long-term tendency to:**
**उपनति दर्शाती है दीर्घकालीन प्रवृत्ति के-**
(a) Decrease only/केवल घटने को
(b) Increase only/केवल बढ़ने को
(c) Either increase or decrease/बढ़ने या घटने को
(d) None of the above/उपर्युक्त से कोई नहीं

**Ans. (c) :** काल श्रेणी में दीर्घकाल में हुए नियमित परिवर्तन अर्थात् काल श्रेणी की समयावधि में बढ़ने या घटने की आधारभूत प्रवृत्ति को रुझान या उपनति कहा जाता है।

**119. When to regression lines intersect each other at $90^0$ angle, the coefficient of correlation would be:**
**जब दो प्रतीपगमन रेखायें एक दूसरें को $90^0$ के कोण पर काटती है तो X तथा Y के बीच सहसम्बन्ध गुणांक होगा।**
(a) Zero/शून्य
(b) Negative/ऋणात्मक
(c) Positive/धनात्मक
(d) All of the above/उपर्युक्त सभी

**Ans. (a) :** जब दो प्रतीपगमन रेखाएं एक दूसरे को समकोण पर काटती है तो उनके बीच सहसम्बन्ध गुणांक शून्य होगा।

**120. If variance is 144, then standard deviation will be**
**यदि प्रसरण 144 है तो मानक विचलन होगा-**
(a) 72 (b) 44
(c) 6 (d) 12

**Ans. (d) :** प्रसरण = 144
मानक विचलन = ?
प्रसरण = मानक विचलन $(\sigma)^2$
या $\sigma = \sqrt{144}$ $\sigma = 12$